(आयोग की वेबसाईट: https://ssc.nic.in पर दिनांक 02.08.2023 को अपलोड किए जाने हेतु)

भारत सरकार,

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय,

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग,

कर्मचारी चयन आयोग,

ब्लॉक सं. 12, केंद्रीय कार्यालय परिसर,

लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003

Government of India,

Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions,

Department of Personnel and Training,

Staff Selection Commission,
Block No. 12, CGO Complex,

Lodhi Road, New Delhi – 110003.

विज्ञप्ति
आशुलिपिक श्रेणी 'ग' एवं 'घ'`परीक्षा, 2023

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख	02.08.2023 से 23.08.2023
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय	23.08.2023 (2300 बजे)
ऑनलाइन शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि और समय	23.08.2023 (2300 बजे)
'आवेदन पत्र में संशोधन करने के लिए विंडो' और सुधार राशि के ऑनलाइन भुगतान की तिथि	24.08.2023 से 25.08.2023 (2300 बजे)

कंप्यूटर आधारित परीक्षा का कार्यक्रम	अक्तूबर, 2023

"सरकार एक ऐसा कार्यदल बनाने का प्रयास करती है जिसमें लिंग संतुलन प्रतिबिम्बित हो तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।"

फा.सं. मु.- नी.एवं यो.।। 010/1/2023 -नी. एवं यो.-II: कर्मचारी चयन आयोग विभिन्न राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों में स्थित भारत सरकार में विभिन्न मंत्रालयों / विभागों / संगठनों और उनके संबद्ध कार्यालयों, अधीनस्थ कार्यालयों एवं सांविधिक निकायों के लिए आशुलिपिक श्रेणी 'ग' (समूह 'ख' अराजपत्रित) और आशुलिपिक श्रेणी 'घ' (समूह 'ग') की भर्ती के लिए एक खुली प्रतियोगी कंप्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन करेगा। केवल आशुलिपि में कुशलता प्राप्त अभ्यर्थी इस परीक्षा के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। अनंतिम रिक्तियां निम्नानुसार हैं :

आशुलिपिक श्रेणी 'ग' की अनंतिम रिक्तियां

क्र. सं.	विभाग का नाम	ग्रेड वेतन (पूर्व	अजा	अजजा	आपिव	आकव	अना	कुल रिक्ति	भूपूसै	आंद	श्रांद	द्वांद	अन्य
1	केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण **(केवल आशुलिपिकों के लिए)**	4600	0	0	0	0	1	1	0	0	0	0	0
2	केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (राजस्व विभाग)	4200	4	2	7	1	11	25	0	0	0	0	0
3	केंद्रीय सतर्कता आयोग	4600	0	0	0	0	2	2	0	0	0	0	0
4	कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग	4200	0	0	0	0	1	1	0	1	0	0	0
5	जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय (जल शक्ति मंत्रालय) (गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग में केवल **अंग्रेजी आशुलिपिक)**	4200	0	0	1	0	4	5	0	1	0	0	0

6	भारतीय मौसम विभाग (मौसम विज्ञान महानिदेशक का कार्यालय)	4200	1	0	0	1	0	2	0	0	0	0	0
7	श्रम एवं रोजगार	4200	0	0	0	0	2	2	0	0	0	0	0
8	वस्त्र मंत्रालय	4600	0	0	0	0	1	1	0	0	0	0	0
9	रक्षा मंत्रालय (संयुक्त सचिव एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का कार्यालय) सशस्त्र सेना मुख्यालय	4600	1	0	2	1	7	11	0	0	0	0	0
10	विदेश मंत्रालय	4600	5	0	9	2	14	30	0	0	0	1	0
11	संस्कृति मंत्रालय (राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय)	4200	0	0	0	0	2	2	0	0	0	0	0
12	भारतीय दूर संचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई)	4200	2	1	3	1	4	11	0	1	0	0	0
	योग		**13**	**3**	**22**	**6**	**49**	**93**	**0**	**3**	**0**	**1**	**0**

आशुलिपिक श्रेणी 'घ' की अनंतिम रिक्तियां

क्र. सं.	**विभाग का नाम**	**ग्रेड वेतन (पूर्व संशोधित)**	**अ जा**	**अज जा**	**आप व**	**आक व**	**अ ना**	**कुल रिक्तियां**	**भूपू सै**	**अ दि**	**श्रादं**	**दादं**	**अन्य**
1	सीमा सड़क संगठन (जेई) **(केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए)**	2400	4	2	7	3	10	26	4	1	0	0	0
2	पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो	2400	0	0	0	0	2	2	0	0	0	0	0
3	केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (राजस्व विभाग)	2400	59	40	101	19	173	392	37	6	7	6	2

4	केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण **(केवल आशुलिपिकों के लिए)**	2400	0	0	2	0	2	4	0	0	0	0	0
5	केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (राजस्व विभाग)	2400	1	0	2	0	3	6	0	0	0	0	0
6	केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो	2400	6	2	0	2	15	25	0	4	0	0	0
7	केंद्रीय सतर्कता आयोग	2400	0	0	0	0	1	1	0	0	0	0	0
8	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग	2400	64	32	115	43	173	427	43	3	3	3	8
9	उपभोक्ता मामले विभाग	2400	0	0	0	0	1	1	0	0	0	1	0
10	खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग	2400	0	0	1	0	4	5	0	0	0	0	0
11	विज्ञान एवं तकनीकी विभाग	2400	4	2	3	0	0	9	0	0	0	1	0
12	कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग	2400	0	0	1	0	2	3	0	1	0	1	0
13	परमाणु ऊर्जा विभाग	2400	7	2	4	2	13	28	0	0	1	0	0
14	वैज्ञानिकी गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय	2400	1	0	1	0	2	4	0	0	0	1	0
15	प्रवर्तन निदेशालय	2400	1	0	0	1	1	3	0	0	0	0	0
16	एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना) / जनशक्ति नियोजन और	2400	5	1	8	3	31	48	2	0	0	0	0
17	संचार मंत्रालय (दूरसंचार विभाग) (महानियंत्रक संचार लेखा का कार्यालय)	2400	0	0	0	0	2	2	0	0	0	0	0
18	संचार मंत्रालय (डाक विभाग) –एसपीएन	2400	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
19	इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	2400	0	0	0	1	2	3	0	0	1	0	0
20	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (डीजीएचएस)	2400	3	1	4	1	7	16	0	0	0	2	0
21	आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय	2400	0	0	0	1	0	1	0	0	0	0	0
22	सूचना और प्रसारण मंत्रालय	2400	0	0	1	0	2	3	0	0	0	0	0
23	श्रम और रोजगार मंत्रालय	2400	0	0	1	0	7	8	0	1	0	0	0
24	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (प्रशा-III)	2400	2	1	4	3	3	13	0	0	0	1	0

25	वस्त्र मंत्रालय	2400	0	0	0	1	2	3	0	0	0	0	0
26	सन्य आभयात्रका सवाए (सना मुख्यालय)	2400	1	0	1	0	2	4	0	0	0	0	0
27	संचार मंत्रालय (डाक विभाग)-(प्रशा.)	2400	0	0	1	0	2	3	0	0	0	0	0
28	रक्षा मंत्रालय (सयुक्त सचिव एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का कार्यालय) सशस्त्र सेना मुख्यालय	2400	2	1	2	1	5	11	0	0	0	2	0
29	विदश मंत्रालय	2400	2	1	4	1	8	16	1	0	0	1	0
30	रेल मंत्रालय	2400	1	0	2	1	2	6	0	0	0	0	0
31	पयटन मंत्रालय	2400	0	1	2	0	8	11	0	0	1	0	0
32	स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो)	2400	0	0	0	1	0	1	0	1	0	0	0
33	राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग	2400	0	0	0	0	2	2	0	0	0	0	0
34	राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र	2400	0	0	2	0	3	5	0	0	0	0	0
35	राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण	2400	1	0	2	0	1	4	0	0	0	1	0
36	विकास आयुक्त का कार्यालय (एमएसएमई)	2400	1	2	1	5	7	16	1	1	0	0	0
37	भारत के महापंजीयक का कार्यालय	2400	0	0	0	1	1	2	0	0	0	0	0
	TOTAL		**165**	**88**	**272**	**90**	**499**	**1114**	**88**	**18**	**13**	**20**	**10**

2. दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पदों का आरक्षण और उपयुक्तता:

(क) अनुसूचित जाति (अ.जा.) / अनुसूचित जनजाति (अजजा) / अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (आकव), भूतपूर्व सैनिक (भू.सै.) और दिव्यांगजन (दि.) इत्यादि अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण मांगकर्ता मंत्रालयों / विभागों / कार्यालयों / संवर्गों द्वारा वर्तमान सरकारी आदेशों के अनुसार निर्धारित किया गया है ।

(ख) आयोग विभिन्न पदों के लिए संबंधित मांगकर्ता संगठनों / कार्यालयों द्वारा सूचित की गई रिक्तियों के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन करता है । किसी संबंधित मांगकर्ता संगठनों / कार्यालयों की रिक्तियों की संख्या का निर्णय करने में आयोग की कोई भूमिका नहीं है । आरक्षण नीति का कार्यान्वयन,

आरक्षण रोस्टर का रख-रखाव करना तथा विभिन्न श्रेणियों के लिए रिक्तियों का निर्धारण करना संबंधित मांगकर्ता संगठनों / कार्यालयों के कार्यक्षेत्र के अधीन आता है ।

(ग) विद्यमान सरकारी आदेशों / अनुदेशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों के लिए केवल समूह 'ग' पदों (आशुलिपिक श्रेणी 'घ') हेतु रिक्तियां आरक्षित हैं।

2.1 परीक्षा विज्ञप्ति में सम्मिलित आशुलिपिक श्रेणी 'ग' तथा आशुलिपिक श्रेणी 'घ' पद, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 38-16/2020-डीडीIII, दिनांक 04.01.2021 और समय-समय पर यथा-संशोधित अनुसार निम्नलिखित दिव्यांगताओं के लिए उपयुक्त पाए गए हैं :

पद नाम	कार्यात्मक आवश्यकता	बेंचमार्क दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणी
आशुलिपिक श्रेणी 'ग'	बै, खड़े, चल, झु, प.लि., दे, सु, सं	क) दृही. , अ.दृ. ख) ब. , श्र.दि ग) ए.हा., ए.पै., दो.पै., ए.हा.ए.पै., प्र.प., अ.कु. , बौ., ए.ह.पी, स्नायु / अंगों की निष्क्रियता के बिना री.वि (रीढ़ की विरूपता) और री.चो.(रीढ़ की चोट) घ) ऑ.स्पे.वि., वि.अ.अक्ष, मा.रो. ड.) ब.दि. जिसमें उपरोक्त (क) से (घ) शामिल हैं
आशुलिपिक श्रेणी 'घ'	बै, खड़े, चल, झु,	क) दृही. , अ.दृ. ख) श्र.दि

	प.लि., दे, सु, सं	ग) ए.हा., ए.पै., ए.हा.ए.पै., प्र.प., अ. कु. , बौ., ए.ह.पी, मा.दु. , स्नायु / अंगों की निष्क्रियता के बिना री.वि (रीढ़ की विरूपता) और री.चो.(रीढ़ की चोट) घ) ऑ.स्पे.वि. (ह), बौ.अ., वि.अ.अक्ष, मा.रो. ड.) ब.दि. जिसमें उपरोक्त (क) से (घ) शामिल हैं

<u>प्रयुक्त संक्षिप्त नाम</u>:

कार्यात्मक आवश्यकता: बै = बैठना, खड़े = खड़ा होना, चल = चलना, झु = झुकना,
प.लि. = पढ़ना और लिखना, दे. = देखना, सु. = सुनना, सं = संचार

शारीरिक अक्षमताओं की प्रकृति: दृही. = दृष्टि हीनता, अ.दृ. = अल्प दृष्टि , ब.= बधिर, श्र.दि. = श्रवण दिव्यांग, ए.हा = एक हाथ, ए.पै. = एक पैर, दो.पै. = दोनो पैर, ए.हा.ए.पै = एक हाथ और एक पैर, प्र.प = प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, अ.कु = अभिसाधित कुष्ठ, बौ = बौनापन, ए.ह.पी = एसिड हमले से पीड़ित, मा.दु. = मांसपेशीय दुर्विकास, ऑ.स्पे.वि. = ऑटिस्म स्पेक्ट्रम विकार (ह = हल्का, म= मध्यम) . बौ.अ. = बौद्धिक अक्षमता, वि.अ.अ = विशिष्ट अभिगम अक्षमता, मा.रो. = मानसिक रोग, ब.दि. = बहु दियांगताएं ।

नोट:- उपर्युक्त तालिका में दर्शाए गए बेंचमार्क दिव्यांगजनों (दिव्या.) के लिए पदों की उपयुक्तता भारत सरकार के मांगकर्ता मंत्रालयों / विभागों / संगठनों तथा उनके संबद्ध कार्यालय / अधीनस्थ कार्यालय और सांविधिक निकायों द्वारा प्राप्त की गई छूट, यदि कोई हो, के अध्यधीन होगी।

(क) सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) में आशुलपिक श्रेणी 'घ' के पद के लिए शारीरिक मानदंडों, शारीरिक क्षमता परीक्षाओं और चिकित्सीय मानकों की अपेक्षाओं का ब्यौरा **अनुसूची** में दिया गया है । अभ्यर्थी सीमा सड़क संगठन में पद के लिए विकल्प देते समय यह सुनिश्चित कर लें कि वे सभी पूर्वोक्त मानकों को पूरा करते हैं । अभ्यर्थियों द्वारा दी गई योग्यता-सह-वरीयता के अनुसार पदों का एक बार आबंटन होने के पश्चात अभ्यर्थियों द्वारा इन मानकों को पूरा करने में विफल रहने पर, बाद में इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा । **यह पुन: बताया जाता है कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) में पद (पदों) के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बीआरओ द्वारा अपेक्षित शारीरिक और चिकित्सा मानकों को सावधानीपूर्वक पढ़ लेना चाहिए । कर्मचारी चयन आयोग उन अभ्यर्थियों के लिए पुन: आबंटन नहीं करेगा जिनकी अभ्यर्थिता शारीरिक और चिकित्सा मानकों को पूरा न करने के आधार पर रद्द कर दी गई है।**

(ख) **सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) में आशुलपिक श्रेणी 'घ' के पदों के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी पात्र हैं ।**

3. **राष्ट्रीयता/ नागरिकता:**

अभ्यर्थी या तो

(क) भारत का नागरिक हो , या
(ख) नेपाल की प्रजा हो, या
(ग) भूटान की प्रजा हो, या
(घ) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो , जिसने भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों -केन्या, यूगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टंगानिका व जंजीबार), जांबिया, मालावी, जायरे, इथिओपिया और वियतनाम से प्रवर्जन किया हो ।

बशर्ते कि उपरोक्त (ख), (ग), (घ) तथा (ड.) श्रेणियों का अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता प्रमाणपत्र जारी किया जा चुका हो ।

ऐसे अभ्यर्थी को, जिसके मामले में पात्रता का प्रमाणपत्र आवश्यक है, उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है, परन्तु नियुक्ति का प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा आवश्यक पात्रता प्रमाणपत्र जारी करने के बाद ही दिया जाएगा ।

4. **आयु सीमा (01.08.2023** को **) और आयु में छूट :**

(क) आशुलिपिक श्रेणी 'ग' : **01.08.2023** को **18 से 30 वर्ष** अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 02.08.1993 से पहले और 01.08.2005 के बाद न हुआ हो, आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

(ख) आशुलिपिक श्रेणी 'घ' : **01.08.2023** को **18 से 27 वर्ष** अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 02.08.1996 से पहले और 01.08.2005 के बाद न हुआ हो, आवेदन करने के लिए पात्र हैं ।

4.1 (क) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 15012/2/2010-स्था (डी), दिनांकित 27.03.2012 में निहित प्रावधानों के अनुसार उपरोक्त पैरा 2 में निर्दिष्ट ऊपरी आयु सीमा में अनुमत्य छूट :

कोड सं.	श्रेणी	ऊपरी आयु सीमा के अतिरिक्त आयु में स्वीकार्य (अनुज्ञेय) छूट
1.	अजा / अजजा	05 वर्ष
2.	अपिव	03 वर्ष
3.	दि (अना.)	10 वर्ष
4.	दि (अपिव)	13 वर्ष
5.	दि (अजा / अजजा)	15 वर्ष
6.	भूतपूर्व सैनिक (भूपूसै)	ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि को वास्तविक आयु में से सैन्य सेवा की अवधि घटाने के बाद 03 वर्ष
8.	किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा किसी उपद्रव ग्रस्त इलाके में	03 वर्ष

	फौजी कार्रवाई के दौरान अशक्त हुए और उसके परिणाम स्वरूप नौकरी से निर्मुक्त हुए रक्षा कार्मिक	
9.	किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा किसी उपद्रव ग्रस्त इलाके में फौजी कार्रवाई के दौरान अशक्त हुए और उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त हुए रक्षा कार्मिक (अजा/ अजजा)	08 वर्ष
केवल समूह 'ग' पदों केलिए ऊपरी आयु सीमा में स्वीकार्य (अनुज्ञेय) छूट		
10.	**केंद्र सरकार के सिविल कर्मचारी :** जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि को न्यूनतम 03 वर्षों की नियमित व निरंतर सेवा की हो	40 वर्ष की आयु तक
11.	**केंद्र सरकार के सिविल कर्मचारी :** जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि को न्यूनतम 03 वर्षों की नियमित व निरंतर सेवा की हो (अजा / अजजा)	45 वर्ष की आयु तक
12.	विधवाएं / तलाक शुदा महिलाएं / अपने पति से न्यायिक विच्छेद प्राप्त महिलाएं जिन्होंने पुनः विवाह न किया हो ।	35 वर्ष की आयु तक
13.	विधवाएं / तलाक शुदा महिलाएं / अपने पति से न्यायिक विच्छेद प्राप्त महिलाएं जिन्होंने पुनः विवाह न किया हो (अजा / अजजा)	40 वर्ष की आयु तक

(ख) आयु पात्रता के निर्धारण के लिए अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन फॉर्म में भरी गई जन्म तिथि और वही जन्मतिथि मैट्रिक / माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र या किसी समकक्ष प्रमाणपत्र में अंकित होने पर आयोग द्वारा स्वीकार की जाएगी और इसमे परिवर्तन करने के किसी भी अनुरोध पर विचार **/** स्वीकार नहीं किया जाएगा और जन्मतिथि में मेल न होने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी ।

(ग) ऐसे भूतपूर्व सैनिक (भूपूसै) जिन्होंने अपनी पुनर्नियुक्ति के लिए भूतपूर्व सैनिक को दिए जाने वाले आरक्षण के लाभ को प्राप्त करके नियमित आधार पर केन्द्र सरकार के अंतर्गत सिविल पदों पर समूह 'ग' और 'घ' पदों में पहले से ही नौकरी प्राप्त कर ली है, वे भूपूसै श्रेणी में आरक्षण और शुल्क में छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं हैं । तथापि, यदि उसने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिनांक 14 अगस्त, 2014 को जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 36034/1/2014-स्थापना (आरक्षण) में यथाउल्लिखितानुसार सिविल रोजगार में शामिल होने के तुरंत बाद उन विभिन्न रिक्तियों के लिए आवेदन करने के दिनांक-वार ब्योरे के संबंध में संबंधित नियोक्ता को स्वयं घोषित / वचनबंध किया हो जिसके लिए उन्होंने प्रारंभिक सिविल रोजगार में कार्यभार ग्रहण करने से पहले आवेदन किया था, वह अनुवर्ती रोजगार के लिए भूतपूर्व सैनिक के रूप में आरक्षण का लाभ उठा सकता है ।

(घ) सशस्त्र सेनाओं में एक भूतपूर्व सैनिक की "काल अप सर्विस" की अवधि आयु में छूट प्राप्त करने के उद्देश्य से नियमानुसार सशस्त्र सेनाओं में प्रदत्त सेवा के रूप में भी मानी जाएगी ।

(ड.) आरक्षण के लाभों को प्राप्त करने के प्रयोजन से भूतपूर्व सैनिक माने जाने के लिए संघ की तीनों सशस्त्र सेनाओ के किसी भी सैनिक के लिए आवश्यक है कि उसने कदाचार या अक्षमता के कारण सेवा से बरखास्तगी या सेवामुक्ति को छोड़कर इस पद / सेवा के लिए आवेदनपत्र भेजने के संगत समय पर भूपूसै का दर्जा पहले ही हासिल कर लिया हो या उसे सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त दस्तावेजी सबूतों के द्वारा अपनी इस अर्जित हकदारी को सिद्ध करने की स्थिति में होना चाहिए कि वह आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि से एक वर्ष की निर्धारित अवधि के भीतर सशस्त्र सेनाओं की विनिर्दिष्ट सेवा की अवधि पूरी कर लेगा । ऐसे अभ्यर्थियों ने आवेदन प्रापति की अंतिम तिथि से एक वर्ष की निर्धारित अवधि के भीतर एक भूतपूर्व सैनिक का दर्जा भी अवश्य प्राप्त कर लिया हो ।

(च) <u>स्पष्टीकरण: भूपूसै से आशय उस व्यक्ति से है</u>-

(क) जिसने भारतीय संघ की नियमित थल सेना, नौ सेना या वायु सेना में लड़ाकू सैनिक अथवा गैर लड़ाकू सैनिक के रुप में किसी भी पद पर सेवा की हो, तथा

(i) जो पेंशन अर्जित करने के पश्चात अपने अनुरोध पर अथवा नियोक्ता द्वारा सेवा निवृत या कार्यमुक्त या सेवा मुक्त किया गया हो ; अथवा

(ii) जिसे ऐसी सेवा से चिकित्सा आधार पर कार्यमुक्त किया गया अथवा अपने नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण ऐसी सेवा से कार्यमुक्त किया गया हो तथा जिसे चिकित्सा अथवा अन्य अशक्तता पेंशन दी गईहो ; अथवा

(iii) जिसे स्थापना में कर्मचारियों की संख्या में कटौती करने के परिणामस्वरुप सेवा से कार्यमुक्त किया गया हो ; अथवा

(ख) जिसे सेवा की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद, अपने अनुरोध अथवा दुराचरण अथवा अकुशलता के कारण सेवामुक्त या बर्खास्त न करके किसी अन्य कारण से सेवामुक्त किया गया हो तथा जिसे सेवा उपदान दिया गया हो और इसमें प्रादेशिक सेना के कार्मिक, नामतः निरंतर मूर्त्त सेवा अथवा अलग-अलग अवधियों में की गई अर्हक सेवा वाले पेंशनधारी शामिल हैं ; अथवा

(ग) सैन्य डाक सेवा के कार्मिक जो कि नियमित सेना के अंग हैं और जो अपनी मूल सेवा में प्रत्यावर्तित हुए बिना सैन्य डाक सेवा से पेंशन सहित सेवा निवृत्त हुए हैं अथवा अपने नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण अथवा सैन्य सेवा के कारण चिकित्सा आधार पर अशक्त होने के कारण सैन्य डाक सेवा से कार्यमुक्त किए गए हैं और उन्हें चिकित्सा अथवा अन्य निशक्तता पेंशन दी गई है ; अथवा

(घ) ऐसे कार्मिक जो 14 अप्रैल, 1987 से पूर्व सैन्य डाक सेवा में 06 माह से अधिक अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर थे ; अथवा

(ड.**)** प्रादेशिक सेना के कार्मिक सहित सशस्त्र सेनाओंके वीरता पुरस्कार विजेता ; अथवा

(च**)** भूतपूर्व सैनिक जिन्हें चिकित्सा आधार पर निकाला गया है अथवा कार्यमुक्त किया गया है और जिन्हें चिकित्सा निशक्तता पेंशन दी गई है।

(छ) एक मैट्रिक भूतपूर्व सैनिक (जिसमें वह भूतपूर्व सैनिक शामिल है, जिसने भारतीय सैन्य शिक्षा का विशेष प्रमाणपत्र या नौसेना या वायु सेना में तदनुरूपी प्रमाणपत्र प्राप्त किया है) जिसने संघ की सशस्त्र सेनाओं में न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा की है, उसे आशुलिपिक श्रेणी 'घ' के समूह 'ग' पद में भूपूसै के लिए आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति हेतु पात्र समझा जाएगा। इसलिए, जिन गैर स्नातक भूतपूर्व सैनिकों ने आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 15 वर्ष की सेवा पूरी नहीं की है अथवा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के एक वर्ष के भीतर 15 वर्ष की सेवा पूरी नहीं करते हैं, वे किसी भी पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

(ज) भूतपूर्व सैनिकों के पुत्र-पुत्रियों और आश्रितों को आयु सीमा में छूट अनुमत्य नहीं है । अत: ऐसे अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी भूतपूर्व सैनिक के रूप में नहीं दर्शानी चाहिए।

5. **प्रमाणन की प्रक्रिया एवं प्रमाणपत्रों का प्रारुपः**

(क) जो अभ्यर्थी आरक्षित रिक्तियों के लिए विचार किए जाने अथवा आयु में छूट पाने के इच्छुक हैं**,** उन्हें संबंधित मांगकर्ता विभागों / संगठनों द्वारा दस्तावेज सत्यापन के समय मांगे जाने पर निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त अपेक्षित प्रमाणपत्र विहित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा । अन्यथा अजा / अजजा / अपिव / आकव / दि. / भूपूसै के संबंध में उनके दावे को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी । प्रमाणपत्रों का प्रारूप परीक्षा विज्ञप्ति के साथ **संलग्न** किया गया है । दिव्यांगजन (समान अवसर**,** अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम**,** 1995 (1996 का 1) के तहत जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र भी मान्य होगा । किसी अन्य प्रारूप में प्राप्त प्रमाणपत्र (पत्रों) और / या अधूरे प्रमाणपत्र(पत्रों) को रद्द कर दिया जाएगा ।

(ख) अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि वे आवेदनपत्र में भरी गई श्रेणी से संबंधित हैं और संबंधित प्रयोक्ता संगठनों / कार्यालयों द्वारा दस्तावेज सत्यापन के समय या किसी भी चरण में इस तरह के प्रमाणपत्र के मांगे जाने पर वे सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त अपेक्षित प्रमाणपत्र प्रस्तुत

करके इस साबित करने में सक्षम हैं, जिसमें विफल रहने पर उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी । यदि किसी अभ्यर्थी को आवेदनपत्र में भरी गई श्रेणी के समर्थन में अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने के लिए मांगकर्ता विभाग/संगठन द्वारा खारिज कर दिया जाता है, तो इसके लिए अभ्यर्थी पूरी तरह से उत्तरदायी होगा और इस संबंध में आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस संबंध में डाक, फैक्स, ईमेल, दस्ती आदि किसी भी रूप में प्राप्त किसी भी शिकायत पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा और इसे सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा।

उदाहरण के लिए, अभ्यर्थी एक्स ने अपने आवेदन पत्र में ओबीसी भरा । तथापि, मांगकर्ता संगठन / कार्यालय या संबंधित प्राधिकारी द्वारा दस्तावेज सत्यापन के दौरान या किसी भी स्तर पर परीक्षा विज्ञप्ति के अनुसार वह ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है, ऐसी स्थिति में, X की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और किसी अन्य श्रेणी के तहत उसकी अभ्यर्थिता पर विचार किए जाने हेतु उसके दावे को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

(ग) बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले अभ्यर्थी ध्यान दें कि उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अनुसार आवेदन पत्र भरते समय उपयुक्त दिव्यांगता श्रेणी यानी अ.दि./श्र.दि./ बेंचमार्क दिव्यांगजन-अन्य का चयन करना होगा। किसी भी परिस्थिति में बेंचमार्क दिव्यांगजन श्रेणी में बाद में किसी बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय या किसी भी चरण में संबंधित उपयोगकर्ता संगठनों/ कार्यालयों द्वारा ऐसे प्रमाणपत्र मांगे जाने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपेक्षित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। यह ध्यान दिया जा सकता है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या **38-16/2020-**डीडी-**III** दिनांक **04.01.2021** में बताए अनुसार दिव्यांगता/ दिव्यांगताओं की उप-श्रेणी/उप-श्रेणियों (जैसे एक बांह, एक पैर, दोनों पैर, बौनापन, वि.अ.अक्ष, मा.रो. आदि) का दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए। यदि आवेदन पत्र में भरी गई श्रेणी के समर्थन में अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने के कारण उपयोगकर्ता संगठन/कार्यालयों द्वारा किसी अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाती है, तो आवेदन पत्र में गलत जानकारी प्रस्तुत करने के लिए अभ्यर्थी पूरी तरह से जिम्मेदार होगा और इस संबंध में आयोग को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा । इसके अलावा यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि इस संबंध में किसी भी रूप में जैसे पोस्ट, फैक्स, ईमेल, दस्ती से आदि प्राप्त किसी भी शिकायत पर

आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा और उसे सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा ।

(घ) आकव के लिए आरक्षण के आधार पर नियुक्ति चाहने वाले व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके पास कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-स्था.**(**रेस**.),** दिनांकित 31.01.2019 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए आय के आधार पर जारी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वैध आय और संपत्ति प्रमाण पत्र है।

(ड.) अभ्यर्थी, उपरोक्त के संबंध में यह भी नोट करें कि उनकी अभ्यर्थिता तब तक अनंतिम रहेगी, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा शैक्षिक योग्यता, जाति / श्रेणी आदि से संबंधित प्रमाणपत्रों / दस्तावेजों की यथातथ्यता की पुष्टि नहीं कर ली जाती और उन्हें संतोषजनक नहीं पाया जाता । अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि यदि वे कपटपूर्वक अजा / अजजा / अपिव/ आकव / दि. / भू.पू.सै का दावा करते हैं तो उन्हें आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा से वारित कर दिया जाएगा।

(च) अजा / अजजा / अपिव / आकव / दि. स्थिति या किसी अन्य लाभ नामत: शुल्क में छूट, आरक्षण, आयु में छूट आदि के दावे के लिए निर्णायक तिथि, जहां पर अन्यथा निर्दिष्ट नहीं है, **ऑनलाइन आवेदन पत्रों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि** होगी ।

(छ) अपिव के लिए आरक्षण के आधार पर नियुक्ति चाहने वाले व्यक्ति को सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके पास जाति / समुदाय का प्रमाण पत्र है तथा वह निर्णायक तिथि को क्रीमी लेयर में नहीं आता / आती है । इस प्रयोजनार्थ निर्णायक तिथि**,** आवेदन पत्रों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी ।

6. अतिरिक्त समय का प्रावधान तथा प्रलिपिक की सहायता :

(क) दृष्टिहीनता, चालन संबंधी दिव्यांगता (दोनों बांह प्रभावित-दो.बां.) और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित श्रेणी में न्यूनतम मानदंड, दिव्यांगताओं वाले व्यक्तियों के मामले में, यदि अभ्यर्थी द्वारा वांछित है तो प्रलिपिक की सुविधा प्रदान की जाती है । **चूँकि यह पद दोनों बांह प्रभावित और प्रमसतिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित दिव्यांगताओं वाले व्यक्तियों के लिए उपयुक्त नहीं हैं अत: ऐसे अभ्यर्थियों को प्रलिपिक की सुविधा स्वीकार्य नहीं होगी ।**

(ख) न्यूनतम मानदंड दिव्यांगताओं वाले व्यक्तियों की अन्य श्रेणी के मामले में, **अनुबंध-I** पर दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार सरकारी स्वास्थ्य देखरेख संस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी / सिविल सर्जन / चिकित्सा अधीक्षक से इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर प्रलिपिक की सुविधा प्रदान की जाएगी कि संबंधित व्यक्ति की लिखने की शारीरिक सीमाएं हैं और उसकी ओर से परीक्षा में लिखने के लिए प्रलिपिक अत्यावश्यक है ।

(ग) दिव्यांगता, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 29-6/2019-डीडी-III दिनांक 10.08.2022 के अनुसरण में 40% से कम दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्रालिपिक की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। यह सुविधा **अनुबंध-I क** के अनुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर प्रदान की जाएगी।

(घ) बेंचमार्क दिव्यांगजन/ दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को प्रलिपिक/ पैसेज रीडर की सुविधा तभी प्रदान की जाएगी, जब उन्होंने ऑनलाइन आवेदन पत्र में इसका विकल्प चुना हो।

(ड.) अभ्यर्थी के पास अपने प्रलिपिक अथवा आयोग द्वारा मुहैया की गई प्रलिपिक की सुविधा में से किसी एक को चुनने का विवेकाधिकार होगा । ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में अभ्यर्थी द्वारा इस संबंध में उपयुक्त विकल्प देना होगा ।

(च) यदि अभ्यर्थी द्वारा अपने प्रलिपिक का विकल्प दिया जाता है तो प्रलिपिक की योग्यता, परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी की योग्यता से एक स्तर नीचे होनी चाहिए । अपने प्रलिपिक के लिए विकल्प दे रहे न्यूनतम मानदंड वाले अभ्यर्थियों को **अनुबंध-II** पर दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार अपने प्रलिपिक के ब्यौरे प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा। उपर्युक्त **पैरा 6 (क), 6 (ख) और 6 (ग)** के अनुसार प्रलिपिक के लिए पात्र एवं अपने प्रलिपिक का विकल्प दने वाले बेंचमार्क दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा के समय **अनुबंध –IIक** के अनुसार अपने प्रलिपिक के ब्योरे देने होंगे । इसके अलावा प्रलिपिक को परीक्षा के समय अपने वैध पहचान प्रमाणपत्र **[पैरा 15 (च)** पर दी गई सूची के अनुसार] की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी । **अनुबंध –II/ अनुबंध –IIक** पर दिए गए प्रोफार्मा के साथ अभ्यर्थी के अलावा प्रलिपिक द्वारा हस्ताक्षरित प्रलिपिक के पहचान प्रमाणपत्र की फोटो प्रति प्रस्तुत की जाएगी । यदि बाद में किसी भी

स्तर पर यह पाया जाता है कि प्रलिपिक की योग्यता, अभ्यर्थी द्वारा घोषित योग्यता के अनुसार नहीं है, तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी पद के लिए अपने अधिकार और उससे जुड़े दावों को खो देगा ।

(छ) यदि कोई अभ्यर्थी अपने स्वयं के प्रलिपिक का चयन करता है, तो उस स्थिति में, वह प्रलिपिक इस परीक्षा का अभ्यर्थी नहीं होना चाहिए। यदि कोई अभ्यर्थी इस परीक्षा में बेंचमार्क दिव्यांगजन/ दिव्यांगजन अभ्यर्थी (अभ्यर्थियों) के प्रलिपिक के रूप में शामिल हुआ या शामिल होने की संभावना वाला पाया गया तो दोनों अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

(ज) ऐसे व्यक्तियों, जिन्हें उपरोक्त **पैरा 6(क), 6(ख) और 6(ग)** में यथा-वर्णित उपबंधों के अनुसार प्रलिपिक की सहायता लेने की अनुमति दी गई है, तो उन्हें परीक्षा में प्रतिघंटा 20 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा ।

(झ) उपरोक्त **पैरा 6(क), 6(ख) और 6(ग)** में संदर्भित अभ्यर्थी, जिन्हें प्रलिपिक की सहायता लेने की अनुमति दी गई है, लेकिन वे प्रलिपिक की सुविधा का लाभ नहीं ले रहे हैं, तो उन्हें भी परीक्षा में प्रतिघंटा 20 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा ।

(ञ) परीक्षा परिसर के अन्दर पात्र अभ्यर्थियों के लिए प्रलिपिक के अलावा किसी परिचर को आने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ट) बेंचमार्क दिव्यांगजन/ दिव्यांगजन अभ्यर्थी, जिन्होंने प्रलिपिक और / अथवा अतिरिक्त समय का लाभ लिया है, उन्हें प्रयोक्ता संगठन / विभाग द्वारा किए जाने वाले दस्तावेज सत्यापन के समय प्रलिपिक / अतिरिक्त समय की पात्रता के लिए संगत दस्तावेज अवश्य प्रस्तुत करने होंगे । ऐसे समर्थनकारी दस्तावेजों को प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में, परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा ।

(ठ) एक आंख वाले और आंशिक रूप से दृष्टिहीन अभ्यर्थी जो आवर्धक लैंस (मैग्नीफाइंग ग्लास) से अथवा बिना आवर्धक लैंस (मैग्नीफाइंग ग्लास) के सामान्य प्रश्नपत्र पढ़ने में सक्षम हैं और जो आवर्धक लैंस (मैग्नीफाइंग ग्लास) की सहायता से उत्तर लिखना या दर्शाना चाहते हैं, उन्हें परीक्षा भवन में आवर्धक लैंस (मैग्नीफाइंग ग्लास) का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी

तथा वे किसी प्रलिपिक की सेवाओं के हकदार नहीं होंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा भवन में स्वयं अपना आवर्धक लैंस (मैग्नीफाइंग ग्लास) लाना होगा।

7. अनिवार्य शैक्षिक योग्यताः (23.08.2023 के अनुसार)

(क) अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से 12 वीं कक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो ।

(ख) भारत के राजपत्र में प्रकाशित मानव संसाधन विकास मंत्रालय की दिनांक 10.06.2015 की अधिसूचना के अनुसार संसद अथवा राज्य विधानमंडल के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत विश्वविद्यालयवत संस्थाओं और संसद के किसी अधिनियम के अंतर्गत घोषित राष्ट्रीय महत्व की संस्थाओं द्वारा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण पद्धति के माध्यम से प्रदान की गई सभी डिग्रियां / डिप्लोमा / प्रमाणपत्र केन्द्र सरकार के अंतर्गत पदों और सेवाओं में नियोजन के प्रयोजन से स्वतः ही मान्यता प्राप्त हैं बशर्ते, उनको दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनुमोदन प्राप्त हो । तथापि, ऐसी डिग्रियां उस संगत अवधि के लिए मान्यताप्राप्त होनी चाहिए, जब अभ्यर्थी ने उन्हें अर्जित किया हो ।

(ग) भारत के राजपत्र के भाग-III (8)(v) के तहत दिनांक 23.06.2017 को प्रकाशित विश्व विद्यालय अनुदान आयोग (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा) विनियम 2017 के अनुसार, मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण पद्धति के तहत किए गएअभियांत्रिकी, चिकित्सा, दंत, नर्सिंग, फार्मेसी, वास्तुकला और फिजियोथेरेपी आदि के पाठ्यक्रम अनुमत्य नहीं हैं। तथापि, मुकुल कुमार शर्मा एवं अन्य बनाम एआईसीटीई एवं अन्य के मामले में, डब्लू.पी.(सी) सं. 382/2018 में एमए सं. 3092/2018 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 11-03-2019 के आदेशानुसार, इग्नू द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2009-10 में नामांकित छात्रों को प्रदान की गई अभियांत्रिकी में डिग्री/डिप्लोमा यथा-प्रयोज्य वैध माना जाएगी

(घ) ऐसे सभी अभ्यर्थी, जिन्हें प्रयोक्ता विभाग / संगठन द्वारा दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है, उन्हें कट-ऑफ दिनांक को अथवा उससे पूर्व न्यूनतम शैक्षिक योग्यता प्राप्त कर लेने के प्रमाण के रूप में 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा पास करने के सभी अपेक्षित मूल प्रमाणपत्र, जैसे-

सभी वर्षो के अंकपत्र / अनंतिम प्रमाणपत्र इत्यादि प्रस्तुत करने होंगे, ऐसा न करने पर आयोग द्वारा उन अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता प्रयोक्ता विभाग / संगठन निरस्त कर दी जाएगी ।

(ड.) वे अभ्यर्थी जो दस्तावेजी साक्ष्य द्वारा यह प्रमाणित कर पाते हैं कि अर्हक परीक्षा का परिणाम कटऑफ तिथि को अथवा उससे पूर्व घोषित किया गया था तथा उसे उत्तीर्ण घोषित किया गया है, तो उसके लिए भी शैक्षिक योग्यता को पूरा होना माना जाएगा । यह दोहराया जाता है कि बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट तारीख तक अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता का परिणाम घोषित हो जाना चाहिए। बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा महत्वपूर्ण कटऑफ तारीख तक परिणाम को तैयार किए जाने मात्र से अनिवार्य शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता पूरी नहीं होती है।

(च) यदि किसी अभ्यर्थी के पास समकक्ष योग्यता है तो ऐसे अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन के समय संबंधित प्राधिकारी से प्राप्त संगत समकक्षता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा । ऐसे अभ्यर्थियों के चयन के संबंध में अंतिम निर्णय संबंधित प्रयोक्ता विभागों / संगठनों / नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा लिया जाएगा ।

(छ) अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख तक या उससे पहले अनिवार्य शैक्षिक योग्यता अवश्य प्राप्त कर लेनी चाहिए ।

8. <u>आवेदन करने का तरीका और आवेदन शुल्क :</u>

(क) आवेदन-पत्र केवल ऑनलाइन मोड में कर्मचारी चयन आयोग मुख्यालय की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात https://ssc.nic.in पर जमा करने होंगे। विस्तृत निर्देशों के लिए कृपया इस विज्ञप्ति के **<u>अनुबंध- III</u>** और **<u>अनुबंध- IV</u>** का संदर्भ लें। एक-बारगी पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन का नमूना प्रोफार्मा **<u>अनुबंध-IIIA</u>** और **<u>अनुबंध- IVA</u>** के रूप में संलग्न हैं ।

(ख) ऑनलाईन आवेदन-पत्र में, अभ्यर्थियों को जेपीईजी/ जेपीजी प्रारूप में स्कैन किए हुए रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटो (20 केबी से 50 केबी) अपलोड करनी होगी। फ़ोटोग्राफ परीक्षा-विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से तीन महीने से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए । फोटोग्राफ की छवि का आयाम लगभग 3.5 सेमी (चौड़ाई) x 4.5 सेमी (ऊंचाई) होना

चाहिए । शांतनु कुमार एवं अन्य के मामले में रिट याचिका (सी) संख्या 234 ऑफ़ 2018 दिनांक 05.03.2020 में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में, अभ्यर्थी की फोटो परीक्षा विज्ञप्ति के प्रकाशन की तारीख से तीन महीने से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। **फोटोग्राफ बिना टोपी और बिना चश्मे के होना चाहिए** । फोटो में चेहरे का अग्र भाग स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

(ग) आवेदन पत्र जमा करने से पहले, अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि फोटो दिए गए निर्देशों के अनुसार अपलोड किया गया है। यदि अभ्यर्थी द्वारा वांछित प्रारूप में फोटो अपलोड नहीं किया जाता है, तो उसका आवेदन/अभ्यर्थिता अस्वीकार या रद्द कर दी जाएगी। **स्वीकार्य / अस्वीकार्य चित्रित करने वाले फोटोग्राफ के नमूने** भी **अनुबंध-XV** में दिए गए हैं। स्कैन किए गए हस्ताक्षर जेपीईजी / जेपीजी प्रारूप में (10 से 20 केबी) में होने चाहिए । हस्ताक्षर का छवि आयाम लगभग 4.0 सेमी (चौड़ाई) x 2.0 सेमी (ऊंचाई) होना चाहिए । **अस्पष्ट / धुंधले फोटो या हस्ताक्षर वाले आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा ।**

(घ) ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय **23.08.2022 (2300 बजे)** है ।

(ड.) अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख तक प्रतीक्षा न करें और अंतिम तिथि से बहुत पहले ऑनलाइन आवेदन जमा कर दें क्योंकि अंतिम दिनों में नेटवर्क व्यस्त होने के कारण संपर्क में बाधा हो सकती है और क.च.आ. की वेबसाइट पर लॉगइन करने में विफलता हो सकती है।

(च) आयोग उक्त कारणों से या अपने नियंत्रण से परे किसी भी अन्य कारण से अभ्यर्थियों द्वारा अंतिम तिथि के भीतर अपने आवेदन प्रस्तुत न करने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(छ) ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले अभ्यर्थियों को प्रीव्यू / प्रिंट के माध्यम से यह जांच कर लेनी चाहिए कि उन्होंने आवेदन के प्रत्येक स्थान में सही विवरण भरा है।

(ज) देयशुल्कः 100/-रूपए (मात्र एक सौ रूपए) ।

(झ) महिला अभ्यर्थियों और अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा), बेंचमार्क दिव्यांगजनों (बें.दि.) और आरक्षण के लिए पात्र भूतपूर्व सैनिकों को शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है ।

(ञ) **शुल्क का भुगतान भीम यू.पी.आई, नेटबैंकिंग अथवा वीजा, मास्टरकार्ड, मैस्ट्रो, रूपे क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड के माध्यम से अथवा एसबीआई शाखाओं में नकद जमा करके एसबीआई चालान बनवा करके किया जा सकता है ।**

(ट) अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनका शुल्क कर्मचारी चयन आयोग में जमा हो गया है । यदि कर्मचारी चयन आयोग को शुल्क प्राप्त नहीं हुआ है, तो आवेदनपत्र की स्थिति 'Incomplete' दर्शाएगा तथा यह सूचना आवेदनपत्र के शीर्ष पर मुद्रित होगी । इसके अलावा शुल्क भुगतान की स्थिति के बारे में अभ्यर्थी की लॉगइन स्क्रीन में मुहैया कराए गए लिंक "Payment Status' पर जांच की जा सकती है । ऐसे आवेदन, जिनकी स्थिति शुल्क भुगतान प्राप्त न होने के कारण अपूर्ण रहती है, उनको **सरसरी तौर पर निरस्त** कर दिया जाएगा तथा परीक्षा की विज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट अवधि के बाद ऐसे आवेदनों के शुल्क भुगतान के संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ठ) एक बार जमा किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापिस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा अथवा चयन के लिए इसे समायोजित किया जाएगा ।

9 . <u>आवेदन पत्र में संशोधन करने के लिए विंडो [24.08.2023 से 25.08.2023 (2300 बजे)]:</u>

(क) आयोग ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद, ऑनलाइन आवेदन संबंधी मापदंडों को सही / संशोधित करने के लिए अभ्यर्थियों को 02 दिन की अवधि प्रदान करेगा, जिसमें अभ्यर्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार एकबारगी पंजीकरण / ऑनलाइन आवेदन डेटा में अपेक्षित संशोधन / परिवर्तन करने के बाद आवेदन फिर से जमा करने की अनुमति दी जाएगी।

(ख) किसी भी अभ्यर्थी को 'आवेदनपत्र में संशोधन करने के लिए विंडो' के दौरान अपने आवेदन को संशोधित करने और संशोधित आवेदन को फिर से जमा करने के लिए दो बार अनुमति दी जाएगी, अर्थात यदि उसने अपने अद्यतित आवेदन में भी गलती की है, तो उसे अपेक्षित सुधार / संशोधन करने के बाद एक बार फिर से सही आवेदन जमा करने की अनुमति दी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में आवेदन पत्र में कोई और संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ग) केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में संशोधन करने की अनुमति दी जाएगी, जिनके सभी प्रकार से पूरे ऑनलाइन आवेदन अपेक्षित शुल्क के भुगतान के साथ, आयोग द्वारा निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्राप्त किए गए हैं।

(घ) नवीनतम संशोधित आवेदन को वैध माना जाएगा और ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए पिछले आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा।

(ड.) आयोग पहली बार आवेदन पत्र में संशोधन करने और संशोधित/ सही आवेदन को जमा करने के लिए ₹ 200/- की एक समान सुधार राशि और दूसरी बार संशोधन करने और संशोधित/सही आवेदन को जमा करने के लिए ₹ 500/- की एक समान सुधार राशि लगाएगा। सुधार राशि सभी अभ्यर्थियों पर लागू होगी चाहे उनका लिंग / श्रेणी कुछ भी हो ।

(च) यदि कर्मचारी चयन आयोग को लागू सुधार राशि प्राप्त नहीं हुई है, तो आवेदनपत्र की स्थिति 'Incomplete' दर्शाई जाएगी तथा यह सूचना आवेदनपत्र के शीर्ष पर मुद्रित होगी। ऐसे आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और पहले जमा किए गए आवेदन वैध बने रहेंगे ।

(छ) सुधार राशि का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से भीम यूपीआई, नेट बैंकिंग या वीज़ा, मास्टरकार्ड, मेस्ट्रो, रुपे क्रेडिट या डेबिट कार्ड का उपयोग करके किया जा सकता है।

(ज) एक बार भुगतान की गई सुधार राशि को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए समायोजित किया जाएगा।

(झ) संशोधित आवेदन जमा करने से पहले अभ्यर्थी यह जांच कर लें कि उन्होंने फार्म के प्रत्येक स्थान में सही विवरण भरा है। 'आवेदनपत्र में संशोधन करने के लिए विंडो' की अवधि के समाप्त होने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में किसी भी परिवर्तन / सुधार / संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में डाक, फैक्स, ईमेल, दस्ती आदि किसी भी माध्यम से प्राप्त अनुरोधों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

10. <u>परीक्षा केन्द्र</u>

(क) अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उस केन्द्र (केन्द्रों) को दर्शाना चाहिए जिसमें वह परीक्षा देने का इच्छुक है । परीक्षा केन्द्रों के ब्यौरे तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के नाम, जिनके क्षेत्राधिकार में ये परीक्षा केन्द्र स्थित हैं, का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	परीक्षा केन्द्र और केंद्र कोड	कर्मचारी चयन आयोग क्षेत्र और उसके क्षेत्राधिकार के अधीन राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	क्षेत्रीय कार्यालयों के पते / वेबसाइट
1.	सीतापुर (3019), भागलपुर (3201), गया (3203), मुजफ्फरपुर (3205), पटना (3206), आगरा (3001), बरेली (3005),गोरखपुर (3007), झांसी (3008), कानपुर (3009), लखनऊ (3010), मेरठ (3011), प्रयागराज (3003), वाराणसी (3013) , पूर्णिया (3209)	**मध्य क्षेत्र (म.क्षे.)** / बिहार और उत्तर प्रदेश	क्षेत्रीय निदेशक (म.क्षे) , कर्मचारी चयन आयोग , 34-ए, महात्मा गांधी मार्ग, सिविल लाइंस, केंद्रीय सदन, प्रयागराज -211 001 **(http://www.ssc-cr.org)**

2.	पोर्टब्लेयर (4802), रांची (4205), भुवनेश्वर (4604), कटक (4605), सम्बलपुर (4609), गंगटोक (4001), कोलकाता (4410), सिलीगुड़ी (4415).	**पूर्वी क्षेत्र (पू.क्षे.)** / अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, झारखंड, उड़ीसा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल	क्षेत्रीय निदेशक (पू.क्षे), कर्मचारी चयन आयोग, प्रथम एमएसओ बिल्डिंग, (8 वां तल), 234/4, आचार्य जगदीशचंद्र बोस रोड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700020 **(www.sscer.org)**
3.	बेलगवी (9002), बेंगलूरू (9001), हुबली (9011), कलाबुर्गी (गुलबर्गा) (9005), मेंगलूरू (9008), मैसूरू (9009), शिवामोगा (9010), उडुपी (9012), एरणाकुलम (9213), कन्नूर(9202), कोल्लम (9210), कोट्टयम(9205), कोझिकोड (9206), तिरुवनंतपुरम (9211), त्रिशूर (9212)	**कर्नाटक, केरल क्षेत्र (क.के.क्षे.)** / लक्षद्वीप, कर्नाटक और केरल	क्षेत्रीय निदेशक (कर्नाटक केरल क्षेत्र), कर्मचारी चयन आयोग , प्रथम तल, "ई" विंग, केन्द्रीय सदन, कोरमंगला बेंगलुरू, कर्नाटक-560034 **(www.ssckkr.kar.nic.in)**
4.	बिलासपुर (6202), दुर्ग-भिलाई (6205), रायपुर (6204), भोपाल (6001), ग्वालियर (6005), इंदौर (6006), जबलपुर (6007), सागर (6015), सतना (6014), उज्जैन (6016).	**मध्य प्रदेश उप-क्षेत्र (म.प्रे.क्षे.)** / छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश	उप निदेशक (म.प्र.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, 5वां तल, इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, एलआईसी कैंपस-2, पंडरी, रायपुर,

			छत्तीसगढ़-492004 **(www.sscmpr.org)**
5.	इटानगर (5001), डिब्रूगढ़ (5102), गुवाहाटी (दिसपुर) (5105), जोरहाट (5107), सिलचर (5111), इम्फाल (5501), शिलांग (5401), आइजोल (5701), कोहिमा (5302), अगरतला (5601)	**पूर्वोत्तर क्षेत्र (पूर्वो क्षे.)**/ अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा ।	क्षेत्रीय निदेशक (पूर्वो.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, हाउसफेड कॉम्प्लेक्स , लास्टगेट, बेलतला-बशिष्ठ रोड, डाकघर असम सचिवालय, दिसपुर, गुवाहाटी, असम -781006 **(www.sscner.org.in**
6.	दिल्ली (2201), अजमेर (2401), बीकानेर (2404), जयपुर (2405), जोधपुर (2406), उदयपुर (2409), देहरादून(2002), हल्द्वानी (2003), रुड़की (2006).	**उत्तरी क्षेत्र (उ.क्षे.)** / दिल्ली, राजस्थान और उत्तराखंड	क्षेत्रीय निदेशक (उ.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, ब्लॉक संख्या 12, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003 **(www.sscnr.net.in)**
7.	भटिंडा (1401), चण्डीगढ़ (1601), हमीरपुर (1202), शिमला (1203), जम्मू (1004), सांबा (1010), श्रीनगर (1007), लेह (1005), अमृतसर (1404), जालंधर (1402)	**पश्चिमोत्तर उप क्षेत्र (पश्चिमो.क्षे.)** /चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख तथा पंजाब	उप निदेशक (पश्चिमो.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, ब्लॉक संख्या-3, भूतल, केन्द्रीय सदन , सेक्टर -9, चंडीगढ़-160009 **(www.sscnwr.org)**
8.	गुंटूर (8001), कर्नूल	**दक्षिणी क्षेत्र**	क्षेत्रीय निदेशक

	(8003), राजमुंदरी (8004), तिरुपति (8006), विजयवाड़ा (8008), विशाखापत्तनम (8007), पुडुचेरी (8401), चेन्नई (8201) , कोयंबटूर (8202), मदुरै (8204), सेलम (8205), तिरुचिरापल्ली (8206), तिरुनेलवेली (8207), हैदराबाद (8601), वारंगल (8603)	**(द.क्षे.)/** आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, तमिलनाडु और तेलंगाना	(द.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, दूसरा तल, ईवीके संपत बिल्डिंग, डीपीआई कैंपस, कॉलेज रोड, चेन्नई, तमिलनाडु -600006 **(www.sscsr.gov.in)**
9.	पणजी (7801), अहमदाबाद (7001), राजकोट (7006) , सूरत (7007), वड़ोदरा (7002), अमरावती (7201), औरंगाबाद (7202), जलगांव (7214), कोल्हापुर (7203), मुंबई (7204), नागपुर (7205), नांदेड (7206), नासिक (7207), पुणे (7208)	**पश्चिमी क्षेत्र (प. क्षेत्र)** / दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र	क्षेत्रीय निदेशक (प.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, प्रथम तल, दक्षिण विंग, प्रतिष्ठा भवन, 101, महर्षि कर्वे रोड, मुंबई, महाराष्ट्र-400020 **(www.sscwr.net)**

(ख) कोई भी अभ्यर्थी प्राथमिकता के आधार पर एक ही क्षेत्र में तीन केंद्रों का विकल्प दे सकता है। किसी भी परिस्थिति में केंन्द्र के परिवर्तन के लिए किए गए अनुरोध पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा । अतः अभ्यर्थियों को केंन्द्रों का चयन सावधानीपूर्वक करना चाहिए और अपने आवेदनों में इसे ठीक से इंगित करना चाहिए ।

(ग) आयोग को किसी भी केंद्र को रद्द करने और उस केंद्र के अभ्यर्थियों को किसी अन्य केंद्र से परीक्षा देने के लिए कहने का अधिकार है। आयोग को

किसी भी केंन्द्र के अभ्यर्थी को परीक्षा देने के लिए किसी अन्य केंन्द्र पर स्थानांतरित करने का भी अधिकार है।

11. <u>परीक्षा की रूप रेखा</u>

(क) कंप्यूटर आधारित परीक्षा के ब्यौरों का नीचे उल्लेख किया गया है -

भाग	विषय	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	कुल अवधि
I	सामान्य बद्धिमत्ता एवं तर्क शक्ति	50	50	2 घंटे (ऐसे अभ्यर्थियों के लिए 2 घंटे और 40 मिनट जिन्हें उपरोक्त पैरा **6(क) और 6(ख) और 6 (ग)** के अनुसार प्रलिपिक की सुविधा प्राप्त करने की अनुमति दी गई है)
II	सामान्य जानकारी	50	50	
III	अंग्रेजी भाषा एवं परिज्ञान	100	100	

(ख) प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ बहु-विकल्पीय प्रकार के प्रश्न होंगे । सभी प्रश्न अंग्रेजी तथा हिन्दी में तैयार किए जाएंगे।

(ग) **कंप्यूटर आधारित परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, प्रश्न के लिए आवंटित अंको मे से एक तिहाई नकारात्मक अंक दिए जाएंगे।** अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि प्रश्नों का उत्तर देते समय इस बात को ध्यान में रखें ।

(घ) बहू-पालियों में आयोजित की गई कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को आयोग द्वारा जारी नोटिस सं-1-1/2018-पी&पी-I दिनांक-07.2.2019 में प्रकाशित सूत्र का प्रयोग करके सामान्यीकृत किया जाएगा और ऐसे सामान्यीकृत अंकों का उपयोग अंतिम योग्यता सूची और कटऑफ अंकों का निर्धारण करने के लिए किया जाएगा।

(ङ) परीक्षा के पश्चात आयोग की वेबसाइट पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा की उत्तर कुंजियों को प्रदर्शित किया जाएगा । अभ्यर्थी उत्तर कुंजियों को देख सकते हैं तथा आयोग द्वारा दी गई समय-सीमा के भीतर अभ्यावेदन, यदि कोई है, 100 रुपए प्रति प्रश्न, जोकि अप्रतिदेय है, का भुगतान करके केवल ऑनलाइन माध्यम से भेज सकते हैं । उक्त विषय पर किसी भी अन्य माध्यम अर्थात पत्र, आवेदन, ई-मेल, इत्यादि से प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजियों से संबंधित अभ्यावेदनों की संवीक्षा , उत्तर कुंजियों को अंतिम रूप देने से पहले की जाएगी तथा इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

(च) विज्ञप्ति में दी गई परीक्षाओं की तारीखें अनंतिम हैं। परीक्षा कार्यक्रम में किसी भी बदलाव को केवल आयोग की वेबसाइट के माध्यम से अभ्यर्थियों को सूचित किया जाएगा ।

(छ) परीक्षा के किसी भी स्तर/ पेपर (पेपरों) के अंकों के पुनर्मूल्यांकन / पुन: जाँच का कोई प्रावधान नहीं होगा । इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

12. <u>कंप्यूटर आधारित परीक्षा पद्धति के लिए निर्देशात्मक पाठ्यक्रमः</u>

<u>(क) सामान्य बुद्धिमता एवं तर्कशक्ति :</u> इसमें शाब्दिक और गैर-शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे । इस घटक में सादृश्यों, समानताओं तथा अंतरों, अन्तराल संकल्पना, समस्या समाधान, विश्लेषण, अनुमान लगाना, निर्णय लेना, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंकगणितीय तर्क, शाब्दिक एवं आकृति संबंधी वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या-श्रृंखला, गैर-शाब्दिक श्रृंखला आदि से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे । इस परीक्षण में अमूर्त विचार और प्रतीक तथा उनके संबंध, अंकगणितीय गणना तथा अन्य विश्लेषणात्मक कार्यों में अभ्यर्थी की योग्यता के परीक्षण हेतु तैयार किए गए प्रश्नों को भी शामिल किया जाएगा।

<u>(ख) सामान्य जानकारी :</u> इस घटक के प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी के आसपास के परिवेश की सामान्य जानकारी और समाज में उनके अनुप्रयोग की जांच करना होगा । सामयिक घटनाओं और दिन प्रतिदिन के अवलोकन के ऐसे मामलों के ज्ञान एवं उनके वैज्ञानिक पहलू संबंधी अनुभव की जांच

करने संबंधी प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसकी जानकारी की अपेक्षा किसी शिक्षित व्यक्ति से की जा सकती है । इस परीक्षा में भारत और उसके पड़ोसी देशों के संबंध में विशेषकर खेलकूद, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, सामान्य राज्य-व्यवस्था, भारतीय संविधान, वैज्ञानिक अनुसंधान इत्यादि से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे । ये प्रश्न ऐसे होंगे जिनके लिए किसी विषय के विशेष अध्ययन की जरूरत नहीं होती ।

(ग) 40 % और उससे अधिक की दृष्टि दिव्यांगता और प्रलिपिक का विकल्प देने वाले दृष्टि दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति / सामान्य जानकारी प्रश्नपत्र में मानचित्र / ग्राफ / आरेख / सांख्यिकीय आंकड़े इत्यादि के कोई घटक नहीं होंगे ।

(घ)**<u>अंग्रेजी भाषा एवं परिज्ञान:</u>** अभ्यर्थी की अंग्रेजी भाषा की समझ की जांच करने के अतिरिक्त, इसकी शब्दावली, व्याकरण, वाक्य संरचना, समानार्थक, विलोमार्थक और उसका सही प्रयोग इत्यादि, उसकी लेखन योग्यता की जांच भी की जाएगी।

13. <u>आशुलिपि में कौशल परीक्षा:</u>

(i) जो अभ्यर्थी कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शॉर्टलिस्ट होंगे उन्हें आशुलिपि की कौशल परीक्षा में बैठना होगा। अभ्यर्थियों को आशुलिपिक श्रेणी 'ग' के लिए 100 शब्द प्रति मिनट (श.प्र.मि.) की गति से और आशुलिपिक श्रेणी 'घ' के लिए 80 शब्द प्रति मिनट (श.प्र.मि.) की गति से 10 मिनट के लिए अंग्रेजी / हिन्दी (अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन फॉर्म में चुने गए विकल्प के अनुसार) में एक श्रुतलेख दिया जाएगा । इस सामग्री को कंप्यूटर पर लिप्यांतरित करना होगा। लिप्यंतरण के लिए समय निम्नानुसार है :-

क्र.सं.	पद	कौशल परीक्षा की भाषा	समयावधि (मिनटों में)	उपर्युक्त पैरा-**6 (क), 6 (ख) एवं 6 (ग)** के अनुसार प्रलिपिक की सुविधा पाने के पात्र अभ्यर्थियों के लिए समयावधि (मिनटों में)
1	आशुलिपिक	अंग्रेजी	50	70

	श्रेणी 'घ'			
2	आशुलिपिक श्रेणी 'घ'	हिन्दी	65	90
3	आशुलिपिक श्रेणी 'ग'	अंग्रेजी	40	55
4	आशुलिपिक श्रेणी 'ग'	हिन्दी	55	75

(ii) ऐसे अभ्यर्थी जो हिन्दी में आशुलिपि परीक्षा देने का विकल्प चुनते हैं, उन्हें अपनी नियुक्ति के बाद अंग्रेजी आशुलिपि और इसी प्रकार ऐसे अभ्यर्थी जो अंग्रेजी में आशुलिपि परीक्षा देने का विकल्प चुनते हैं उन्हें अपनी नियुक्ति के बाद हिन्दी आशुलिपि आवश्यक रूप से सीखनी पड़ेगी, ऐसा न करने पर नियोक्ता विभाग/ संगठन द्वारा उनकी परिवीक्षा अवधि पूरी नहीं मानी जाएगी । परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी की कौशल परीक्षा का माध्यम जो कोई भी रहा हो, उसे प्रयोक्ता कार्यालय की कार्यात्मक आवश्यकताओं के अनुरूप अंग्रेजी / हिन्दी आशुलिपिक के रूप में कार्य करना होगा ।

(iii) कौशल परीक्षा आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों में या आयोग द्वारा यथानिर्णीत अन्य केन्द्र (केंद्रों) पर आयोजित की जाएंगी ।

(iv) कौशल परीक्षा के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के संबंध में विस्तृत अनुदेश आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा दिए जाएंगे ।

(v) कौशल परीक्षा मूल्यांकन के नियम संबंधी मानक अनुदेश आयोग की वेबसाईट के “Candidate’s Corner” भाग में उपलब्ध है ।

14. <u>परीक्षा में प्रवेश:</u>

(क) उन सभी अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बैठने के लिए आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा रोल नम्बर और प्रवेश-पत्र जारी किया जाएगा, जो इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में अंतिम तारीख और समय तक अपना पंजीकरण कराते हैं और जिनके आवेदन सुव्यवस्थित पाए जाते हैं और आयोग द्वारा परीक्षा की इस विज्ञपति में दी गई शर्तों के अनुसार अनंतिम या अस्थायी रूप से स्वीकार किए जाते हैं। इस के बाद, इसमे सफल होने

वाले अभ्यर्थियों को अगले चरण की परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र जारी किया जाएगा।

(ख) आयोग लिखित परीक्षा के समय पात्रता और अन्य पहलुओं के लिए आवेदनों की गहन जांच नहीं करेगा और इसलिए अभ्यर्थिता सिर्फ अस्थायी रूप से स्वीकार की जाएगी। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु इत्यादि की अपेक्षाओं को ध्यान पूर्वक देख कर स्वयं को संतुष्ट करें कि वे उस पद (पदों) के लिए पात्र हैं। मांगकर्ता / प्रयोक्ता मंत्रालयों/ विभागों / संगठनों द्वारा दस्तावेज़ सत्यापन के समय शैक्षिक योग्यता, जाति / श्रेणी आदि के समर्थनकारी प्रमाणपत्र / दस्तावेज मांगे जाएंगे । अभ्यर्थी यह भी नोट कर लें जब भी आयोग या मांगकर्ता / प्रयोक्ता मंत्रालयों/ विभागों / संगठनों द्वारा शैक्षिक योग्यता / जाति / श्रेणी के प्रमाणपत्र / दस्तावेज मांगे जाते हैं, उन्हें ये जमा करने होंगे । शैक्षिक योग्यता / जाति / श्रेणी के प्रमाणपत्र / दस्तावेज कर संवीक्षा करने के बाद यदि आवेदन में किए गए किसी भी दावे को प्रमाणपत्र / दस्तावेज में सही नहीं पाया जाता है, अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी ।

(ग) कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र, आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर ऑनलाईन जारी किया जाएगा। परीक्षा के किसी भी स्तर के लिए प्रवेश-पत्र डाक द्वारा जारी नहीं किए जाएंगे। इसलिए अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा के बारे में अद्यतन जानकारी के लिए आयोग मुख्यालय की वेबसाइट (https://ssc.nic.in) और आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, जिनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा चुना गया परीक्षा केंद्र स्थित है (ब्योरा **पैरा-10** पर है), की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(घ) परीक्षा के बारे में सूचनाएं, जिसमें परीक्षा की समय-सारणी और प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए परीक्षा के शहर/केंद्र की जानकारी होगी, परीक्षा की तारीख से लगभग दो सप्ताह पहले आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। यदि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा की तारीख से एक सप्ताह पूर्व तक अपना ब्योरा आयोग की वेबसाइट पर न मिले तो उसे आवेदन प्रस्तुत करने के अपने प्रमाण के साथ आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से तत्काल संपर्क करना चाहिए। ऐसा न करने पर

वह परीक्षा में बैठने के अपने दावे पर विचार किए जाने से वंचित हो जाएगा।

(ङ) अभ्यर्थी को आयोग के साथ कोई भी पत्राचार करते समय अपना पंजीकरण संख्या, पंजीकृत ईमेल आईडी, अपने नाम के साथ-साथ अपना मोबाइल नम्बर, जन्म तिथि और परीक्षा का नाम अवश्य लिखना चाहिए। इन विवरणों के न दिए जाने पर अभ्यर्थी के पत्राचार पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

(च) प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने की सुविधा संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा से 3-7 दिन पूर्व उपलब्ध होगी । **अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश-पत्र का प्रिंट आउट लेकर आना होगा।**

(छ) **प्रवेश-पत्र के अलावा, अभ्यर्थी को हाल के दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो, प्रवेश-पत्र पर छपी जन्म-तिथि के प्रमाण के लिए फोटो लगा कम से कम एक पहचान पत्र मूलरूप में अपने साथ लाना होगा, जैसे**-

i. आधार कार्ड/ ई-आधार का प्रिंट आउट
ii. मतदाता कार्ड
iii. ड्राइविंग लाइसेंस
iv. पैन कार्ड
v. पासपोर्ट
vi. विद्यालय / कॉलेज द्वारा जारी पहचान पत्र
vii. नियोक्ता पहचान-पत्र (सरकारी / उपक्रम / निजी)
viii. रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी भूतपूर्व सैनिक की सेवानिवृत्ति पंजिका
ix. केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा जारी कोई अन्य फोटो पहचान-पत्र

(ज) यदि फोटो पहचान पत्र में जन्म तिथि अंकित नहीं है तो अभ्यर्थी को अपनी जन्म-तिथि के साक्ष्य के रूप में एक अतिरिक्त मूल दस्तावेज़ (अर्थात सीबीएसई/ आईसीएसई/ राज्य बोर्ड द्वारा जारी मैट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र, मार्क्सशीट; जन्म प्रमाणपत्र, श्रेणी प्रमाणपत्र आदि) अवश्य लाना चाहिए।यदि प्रवेश प्रमाण-पत्र और जन्म-तिथि के प्रमाण के रूप में लाए

गए फोटो पहचान-पत्र / प्रमाण पत्र में उल्लिखित जन्म-तिथि मेल नहीं खाती है तो अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा ।

(झ) पैरा **6(क), 6(ख) और 6(ग**) के अनुसार प्रलिपिक की सुविधा लेने वाले बेंचमार्क दिव्यांगजन/ दिव्यांग अभ्यर्थी को अपने साथ जरूरी चिकित्सा प्रमाण-पत्र/अंडरटेकिंग/ दिव्यांगजन के फोटो पहचान-पत्र की प्रति, जैसा इसमे निर्दिष्ट किया गया है, लाना होगा। बिना उपरोक्त दस्तावेज़ के अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।

(ञ) परीक्षा में बैठने के लिए प्रवेश-पत्र में उल्लिखित अन्य दस्तावेज़ भी अभ्यर्थी को अपने साथ लाना होगा।

(ट) धुंधला फोटोग्राफ और / या हस्ताक्षर युक्त आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।

15. <u>दस्तावेज सत्यापन (डीवी) :</u> सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्णय को देखते हुए, अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद, दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) प्रयोक्ता विभागों/ संगठनों/ कार्यालयों द्वारा किया जाएगा ।

(क) कर्मचारी चयन आयोग प्रयोक्ता मंत्रालयों/ विभागों/संगठनों द्वारा रिपोर्ट की गई रिक्तियों के अनुसार कार्मिकों की भर्ती करता है। आयोग की उपयोगकर्ता मंत्रालय/ विभाग/ संगठन में उत्पन्न होने वाली कुल रिक्तियों(ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज) के निर्धारण, बैकलॉग रिक्तियों, विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के तहत रिक्तियों के पृथक्करण और सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों के निर्धारण में कोई भूमिका नहीं है। परीक्षा के अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद, चयनित अभ्यर्थियों के डोजियर उपयोगकर्ता विभागों/संगठनों को अग्रेषित किए जाते हैं। प्रयोक्ता मंत्रालय/ विभाग/ संगठन अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद अग्रेषित डोजियर को स्वीकार करेंगे। कोई भी उपयोगकर्ता मंत्रालय/ विभाग /संगठन क्षैतिज रिक्तियों की अनुपलब्धता के आधार पर या इस आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के डोजियर को वापस नहीं करेगा कि एक क्षैतिज

रिक्ति मौजूद है लेकिन उस श्रेणी के डोजियर को आयोग द्वारा प्रदान नहीं किया गया है।

(ख) कर्मचारी चयन आयोग अंतिम परिणाम की घोषणा से पहले उपयोगकर्ता मंत्रालयों/ विभागों/ संगठनों से रिक्तियों की पुष्टि करता है। अंतिम परिणाम घोषित किया जाता है और नामांकन/ सिफारिशें केवल ऐसी पुष्ट रिक्तियों के लिए की जाती हैं। इसलिए, उपयोगकर्ता मंत्रालय/ विभाग/ संगठन किए गए नामांकन और उन्हें भेजे गए डोजियर को स्वीकार करेंगे। यदि कोई मंत्रालय/ विभाग/ संगठन समाप्त हो जाता है, पुनर्गठित हो जाता है, या किसी अन्य विभाग/ मंत्रालय/ संगठन के प्रशासनिक नियंत्रण में स्थानांतरित हो जाता है, तो उसका उत्तराधिकारी/ प्रशासनिक विभाग/ मंत्रालय डोजियर स्वीकार करेगा। यदि मंत्रालय स्तर तक संगठनों का संपूर्ण पदानुक्रम समाप्त हो जाता है, तो जिस मंत्रालय/विभाग को इसका कार्य हस्तांतरित किया गया है, वह डोजियर्स को स्वीकार करेगा। यदि मंत्रालय/ विभाग/ संगठन का कार्य किसी अन्य विभाग/मंत्रालय को हस्तांतरित नहीं किया गया है, तो मंत्रालय/ विभाग जिसका कार्य पूर्व के कार्य से निकटता से संबंधित है, डोजियर को स्वीकार करेगा। इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

(ग) अंतिम परिणाम आयोग द्वारा केवल एक बार घोषित किया जाएगा और अभ्यर्थियों के प्रस्तावित पदों में कार्यभार नहीं ग्रहण करने की स्थिति में अभ्यर्थियों का कोई और नामांकन नहीं किया जाएगा। इस प्रकार, अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद, उपयुक्त अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता, अभ्यर्थियों के कार्यभार नहीं ग्रहण करने या किसी अन्य कारण से खाली रह गई रिक्ति (रिक्तियां), यदि कोई हों, उस भर्ती वर्ष में नहीं भरी जाएंगी और मांगकर्ता मंत्रालय/ विभाग/ संगठन उन रिक्तियों को अगले भर्ती चक्र में ले जा सकता है और मौजूदा नियमों के अनुसार आयोग को रिपोर्ट कर सकता है।

(घ) आयोग की नीति के अनुसार, एसएससी आयोग द्वारा आयोजित बहु-कारक परीक्षाओं के लिए प्रतीक्षा सूची / आरक्षित पैनल नहीं रखता है।

ऐसे मामलों में, विभाग मौजूदा नियमों के अनुसार रिक्तियों को आगे बढ़ाने के संबंध में आगे की कार्रवाई कर सकते हैं।

(ङ) अभ्यर्थियों को संबंधित प्राधिकारी (यों) द्वारा मांगे जाने पर **पैरा 15 (छ) में** दर्शाए गए फोटोकॉपी और मूल दस्तावेजों के साथ दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उपस्थित होना आवश्यक है।

(च) दस्तावेज़ सत्यापन के समय अभ्यर्थियों को हाल का पासपोर्ट आकार की दो रंगीन फोटो और एक फोटो पहचानपत्र साक्ष्य मूल रूप में लाना होगा। फोटो पहचान-पत्र निम्न हो सकते है:-

i. आधार कार्ड / ई-आधार का प्रिंट आउट
ii. मतदाता पहचानपत्र
iii. पैन कार्ड
iv. पासपोर्ट
v. ड्राइविंग लाइसेंस
vi. विद्यालय / कॉलेज द्वारा जारी पहचान पत्र
vii. नियोक्ता पहचान-पत्र (सरकारी / उपक्रम)
viii. रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी भूतपूर्व सैनिक की सेवानिवृत्ति पंजिका
ix. केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा जारी कोई अन्य फोटो पहचान-पत्र

(छ) उपयोगकर्ता संगठनों/ कार्यालयों द्वारा दस्तावेज सत्यापन के समय अभ्यर्थियों को नीचे दिए गए विभिन्न दस्तावेजों की प्रतिलिपि जमा करनी होगी:

i. मैट्रिकुलेशन / माध्यमिक प्रमाणपत्र
ii. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र
iii. कोई अभ्यर्थी समकक्ष योग्यता के रूप में किसी विशेष योग्यता का दावा कर रहा है, तो परीक्षा विज्ञप्ति की अपेक्षाओं के अनुसार दावा की गई समकक्ष शैक्षणिक योग्यता के संबंध में आदेश / पत्र (संख्या और दिनांक के साथ) जिसमें उस प्राधिकरण का उल्लेख हो, जिसके तहत अनिवार्य योग्यता में समकक्ष खण्ड के संबंध में उसे ऐसा माना गया हो।

iv. जाति / वर्ग प्रमाण-पत्र, यदि आरक्षित वर्ग से हैं ।

v. निर्धारित प्रपत्र में दिव्यांगजन प्रमाण-पत्र, अगर लागू हो।

vi. भूतपूर्व सैनिक(भू .पू. सै.) के लिए :

1) **<u>अनुबंध-VI</u>** के अनुसार कार्यरत रक्षा कर्मी प्रमाण-पत्र, यदि लागू हो।

2) **<u>अनुबंध-VII</u>** के अनुसार वचन-पत्र।

3) सेवामुक्ति प्रमाण-पत्र, यदि अभ्यर्थी सशस्त्र सेना से सेवा-मुक्त हुआ हो ।

vii. संगत दस्तावेज, यदि आयु-सीमा में छूट चाहते हैं ।

viii. केन्द्रीय सरकार सिविल कर्मचारियों द्वारा **<u>अनुबंध-V</u>** के अनुसार प्रमाण-पत्र।

ix. अनापत्ति प्रमाण-पत्र, सरकारी / सरकारी-उपक्रम में कार्यरत अभ्यर्थी के लिए।

x. जो अभ्यर्थी मैट्रिकुलेशन के बाद, शादी, दूसरी शादी या तलाक के बाद नाम परिवर्तन का दावा करता है, उन्हे निम्नलिखित दस्तावेज़ जमा करने होंगे:

(क) महिला की शादी के मामले में :- पति के पासपोर्ट की प्रतिलिपि जिसमे पत्नी का नाम लिखा हुआ हो या विवाह-रजिस्ट्रार द्वारा जारी विवाह प्रमाण-पत्र की अनुप्रमाणित-प्रति या शपथ-आयुक्त के सामने पति- पत्नी द्वारा लिया गया शपथ संबंधी संयुक्त फोटो लगा हलफनामा ।

(ख) महिला की दूसरी शादी के मामले में :-तलाकनामा / या पहले पति की अगर मृत्यु हो चुकी हो तो मृत्यु प्रमाण-पत्र और वर्तमान पति के पासपोर्ट की प्रतिलिपि जिसमे पत्नी का नाम लिखा हुआ हो या विवाह-रजिस्ट्रार द्वारा जारी विवाह प्रमाण-पत्र की अनुप्रमाणित-प्रति या शपथ-आयुक्त के सामने पति- पत्नी द्वारा लिया गया शपथ संबंधी संयुक्त फोटो लगा हलफनामा ।

(ग) महिला के तलाक के मामले में :- तलाकनामे की प्रमाणित-प्रति और एक पक्षीय विलेख/ शपथ-आयुक्त के सामने लिया गया शपथ संबंधी हलफनामा।

(घ) दूसरी परिस्थितियों में पुरुष और महिला दोनों के नाम परिवर्तन के लिए एक पक्षीय विलेख/ शपथ-आयुक्त के सामने लिया गया शपथ संबंधी हलफनामा और दो प्रमुख दैनिक अखबारों में प्रकाशित अखबार की मूल कटिंग (एक दैनिक अखबार अभ्यर्थी के स्थायी और वर्तमान पते या आस-पास के क्षेत्र की होनी चाहिए।) या राजपत्र अधिसूचना ।

xi. प्रवेश-पत्र में उल्लिखित दस्तावेज़-सत्यापन (डीवी) के लिए जरूरी कोई अन्य दस्तावेज़।

16 **<u>पद वरीयता :</u>**

क. अंतिम परिणाम घोषित होने से पहले आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन विकल्प प्रपत्र के जरिए अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों और विभागों के लिए प्राथमिकता ली जाएगी । किसी पद और मंत्रालय/ विभाग /संगठन के लिए अभ्यर्थी के नाम पर विचार नहीं किया जाएगा, यदि उसने उसके लिए अपनी वरीयता नहीं दर्शाई है। एक बार दिए गए विकल्पों को अंतिम माना जाएगा और बाद में किसी भी परिस्थिति में इन्हें बदला नहीं जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों को ऐसे विकल्पों को देते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

ख. अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए विकल्प / वरीयता को अंतिम और अपरिवर्तनीय माना जाएगा । अभ्यर्थियों द्वारा पद / विभाग में परिवर्तन किए जाने संबंधी बाद में किए गए किसी भी अनुरोध पर किन्हीं भी परिस्थितियों में विचार नहीं किया जाएगा । यदि अभ्यर्थी ने किसी पद / विभाग के लिए विकल्प नहीं दिया है तो मेरिट में स्थिति चाहे जो भी हो उनके नाम पर उस पद के लिए विचार नहीं किया जाएगा । इसलिए अभ्यर्थियों को पदों की वरीयता देते समय यथेष्ट ध्यान रखना चाहिए और सावधानी बरतनी चाहिए ।

ग. जो अभ्यर्थी निर्धारित समय के भीतर आयोग की वेबसाइट पर अपनी पद वरीयताएं प्रस्तुत नहीं करते हैं, उनके लिए अंतिम परिणाम में किसी भी पद हेतु विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को पदों के लिए वरीयता देने का कोई और अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा और वे ही इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे। इस संबंध में डाक, फैक्स, ईमेल, दस्ती आदि किसी भी रूप में प्राप्त किसी भी शिकायत पर

आयोग द्वारा कार्रवाई नहीं की जाएगी और उसे सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

घ. बीआरओ में कनिष्ठ अभियंता के पदों के लिए शारीरिक क्षमता परीक्षण सहित शारीरिक और चिकित्सीय मानकों की अत्यधिक अपेक्षाएं हैं (विवरण **अनुसूची** में उपलब्ध है) । बीआरओ द्वारा अभ्यर्थियों का अंतिम चयन करने के पश्चात इन शारीरिक और चिकित्सा मानकों की जांच की जाएगी । यदि कोई अभ्यर्थी ऐसे परीक्षणों में विफल रहता है, तो किसी अन्य पद / विभाग के लिए उसकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा । इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इन आवश्यकताओं को पूरी तरह पढ़ ले और अच्छी तरह सोच-विचार करके पदों के लिए वरीयता दें।

17. <u>चयन का तरीका</u>:

(क) कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए न्यूनतम अर्हक अंक इस प्रकार हैं:-

i. अनारक्षित: 30%
ii. अन्य पिछड़ी जातियाँ/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग : 25%
iii. अन्य सभी श्रेणियां: 20%

(ख) अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में उन पदों का उल्लेख करना होगा, जिसके लिए वे आवेदन कर रहे हैं अर्थात आशुलिपिक श्रेणी 'ग' अथवा आशुलिपिक श्रेणी 'घ' अथवा दोनों ।

(ग) कंप्यूटर आधारित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों को उन पद(पदों) के लिए कौशल परीक्षा (परीक्षाएं) देने हेतु श्रेणीवार शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, जिन पद(पदों) के लिए उन्होंने आवेदन किया है ।

(घ) कौशल परीक्षा अनिवार्य है, लेकिन यह अर्हक स्वरूप की है । आयोग द्वारा प्रत्येक पद के लिए कौशल परीक्षा में श्रेणीवार अर्हता मानक निर्धारित किए जाएंगे । वे अभ्यर्थी जो कौशल परीक्षा में अर्हता प्राप्त कर लेते हैं, कंप्यूटर आधारित परीक्षा में उनकी योग्यता के आधार पर अंतिम चयन के लिए उनके नाम पर विचार किया जाएगा ।

(ड़) अभ्यर्थियों का अंतिम चयन और मंत्रालयों / विभागों को आबंटन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन तथा दस्तावेज सत्यापन के समय

उनके द्वारा दी गई पदों / विभागों की वरीयता के आधार पर किया जाएगा ।

(च) अभ्यर्थी को उसकी योग्यता के अनुसार एक बार उसकी प्रथम उपलब्ध वरीयता दिए जाने के बाद उसके नाम पर अन्य विकल्पों के लिए विचार नहीं किया जाएगा । इसलिए, अभ्यर्थियों को पदों / विभागों की वरीयता का चयन सावधानीपूर्वक करने की सलाह दी जाती है । अभ्यर्थियों द्वारा एक बार दिया गया विकल्प / वरीयता को अंतिम माना जाएगा और अपरिवर्तनीय होगा । अभ्यर्थियों द्वारा पद / विभाग में परिवर्तन किए जाने संबंधी बाद में किए गए किसी भी अनुरोध पर किन्हीं भी परिस्थितियों में विचार नहीं किया जाएगा । । यदि अभ्यर्थी ने किसी पद / विभाग के लिए विकल्प नहीं दिया है, तो उसकी योग्यता स्थिति के बावजूद, उसके लिए उस पद पर नियुक्ति हेतु विचार नहीं किया जाएगा । अतः अभ्यर्थियों को विकल्प भरते समय यथोचित ध्यान देते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी जाती हैं।

(छ) आयोग अभ्यर्थियों की योग्यता-सह-अभ्यर्थियों द्वारा दी गई पदों / विभागों की वरीयताओं के आधार पर पदों का अंतिम आबंटन करता है और एक बार पद का आबंटन कर दिया जाता है तो किसी पद की शारीरिक/चिकित्सीय/ शैक्षिक मानकों की विशिष्ट अपेक्षाओं या किसी अन्य आवश्यकता को पूरा न करने के कारण आयोग द्वारा पदों के लिए दिए गए विकल्प में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा । अन्य शब्दों में, उदाहरण के लिए यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा किसी पद के लिए उच्चतर वरीयता दी गई है और वह उस पद के लिए चयनित हो जाता / जाती है, तो ऐसे मामले में यदि वह चिकित्सा / शारीरिक / शैक्षिक मानकों को पूरा करने में असफल रहता / रहती है तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा और अन्य वरीयताओं के लिए उसके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(ज) अजा, अजजा, अपिव, आकव, भूपूसै और बेंचमार्क दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थी जो मानकों में छूट दिए बिना ही अपनी योग्यता से चयनित होते हैं तो उन्हें आरक्षित रिक्तियों के समक्ष समायोजित नहीं किया जाएगा । ऐसे अभ्यर्थियों को योग्यता सूची में उनकी समग्र स्थिति अथवा उनकी श्रेणी के लिए उद्दिष्ट की गई रिक्तियों के अनुसार अनारक्षित रिक्तियों में उस पद से

सहयोजित किया जाएगा, जो उनके लिए लाभप्रद है । आरक्षित रिक्तियां अलग से अजा, अजजा, अपिव, आकव, भूपूसै और बेंचमार्क दिव्यांग श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों से भरी जाएंगी ।

(झ) अजा, अजजा, अपिव, आकव, भूपूसै और बेंचमार्क दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थी जो आयु सीमा, अनुभव या योग्यता, लिखित परीक्षा में अनुमत्य अवसरों की संख्या, अपेक्षाकृत अधिक छूट (एक्सटेंडिड जोन ऑफ कंसीडरेशन) आदि जैसे मानकों में छूट के आधार पर अर्हता प्राप्त करता है, चाहे उसकी मेरिट स्थिति कुछ भी हो, उसे अनारक्षित रिक्तियों में समायोजित न करके आरक्षित रिक्तियों में समायोजित किया जाएगा । ऐसे अभ्यर्थियों को योग्यताक्रम में उनके रैंक पर ध्यान दिए बिना आरक्षित कोटे में कमी को पूरा करने के लिए उनके लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक मानकों में छूट देकर नियुक्ति हेतु अनुशंसित किया जा सकता है । जहां तक भू.पू.सै. के मामलों का संबंध है, आरक्षित या अनारक्षित पदों के लिए भू.पू.सै. को उसकी आयु में से सैन्य सेवा की अवधि घटाने की अनुमति है तथा इस छूट को आयु के संदर्भ में मानकों में छूट नहीं कहा जा सकता । इसी प्रकार, बेंचमार्क दिव्यांग अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट को मानकों में छूट नहीं माना जाएगा।

(ञ) बेंचमार्क दिव्यांगजन, जो स्वयं अपनी योग्यता के आधार पर चुना जाता है, को किसी अनारक्षित रिक्ति पर नियुक्त किया जा सकता है बशर्ते कि संगत श्रेणी के बेंचमार्क दिव्यांगजन के लिए वह पद उपयुक्त पाया गया हो।

(ट) परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के आधार पर अभ्यर्थी को नियुक्ति का अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होगा, जब तक सरकार यथावश्यक जांच के पश्चात जब तक इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि अभ्यर्थी सेवा / पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है ।

(ठ) परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे इस परीक्षा में प्रवेश के लिए निर्धारित पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं । परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश, पात्रता की निर्धारित शर्तें पूरी करने के अध्यधीन, पूर्णतया अनन्तिम होगा। लिखित परीक्षा से पहले अथवा बाद में जाँच करने पर यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि वे पात्रता की किसी शर्त को पूरा नहीं करते हैं तो आयोग द्वारा परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

(ड) इस परीक्षा के आधार पर नियुक्त अभ्यर्थी दो वर्ष की परिवीक्षा पर रहेंगे । परिवीक्षाधीन अवधि के दौरान अभ्यर्थियों को ऐसे प्रशिक्षण अथवा ऐसी परीक्षाएं उत्तीर्ण करना अपेक्षित होगा जो नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा इसके लिए निर्धारित की गई हों । परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर यदि अभ्यर्थी स्थायी नियुक्ति के लिए उपयुक्त पाया जाता है तो उसे इस पद पर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा स्थायी किया जायेगा ।

(ढ) नियुक्ति के लिए चयनित अभ्यर्थियों को भारतवर्ष में कहीं भी सेवा करनी पड़ सकती है अर्थात ये सभी पद अखिल भारतीय सेवा दायित्व (अ.भा.से.दा.) के हैं ।

(ण) अंतिम चयन पर अभ्यर्थी को संबन्धित उपयोगकर्ता संगठन/ कार्यालय द्वारा कोई राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / अंचल आवंटित किया जा सकता हैं। ऐसे अभ्यर्थी को आवंटित पद पर संबन्धित प्रयोक्ता मंत्रालय/ विभाग/ संगठन द्वारा स्थायी किए जाने हेतु उस आवंटित राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / अंचल की स्थानीय भाषा में प्रवीणता प्राप्त करने की जरूरत पड़ सकती हैं।

(त) यदि परीक्षा के किसी भी टियर / चरण में कट-ऑफ अंक से अधिक प्राप्त करने वाला अभ्यर्थी किसी भी कारण से बाद के चरण / अंतिम चयन के लिए अर्हता प्राप्त नहीं करता है, तो उसे परिणाम घोषित होने के दो माह के भीतर या अगले चरण की परीक्षा के आयोजन के दो सप्ताह पहले, जो भी पहले हो, आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को अभ्यावेदन देना चाहिए ।

(थ) यदि किसी अभ्यर्थी का अंतिम रूप से चयन हो जाता है और वह आयोग या संबंधित उपयोगकर्ता संगठन/ कार्यालय से परिणाम घोषित किए जाने से एक वर्ष की अवधि के भीतर कोई पत्राचार प्राप्त नहीं करता है / करती है, तो उसे संबंधित उपयोगकर्ता संगठन/ कार्यालय से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

(द) अभ्यर्थियों की योग्यता-सह-अभ्यर्थियों द्वारा दी गई पदों / विभागों की वरीयताओं के आधार पर पदों का अंतिम आबंटन किया जाता है और एक बार पद का आबंटन कर दिया जाता है तो किसी पद की शारीरिक/चिकित्सीय/ शैक्षिक मानकों की विशिष्ट अपेक्षाओं या किसी

अन्य आवश्यकता को पूरा न करने के कारण आयोग द्वारा पदों के लिए दिए गए विकल्प में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा । अन्य शब्दों में, उदाहरण के लिए यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा किसी पद के लिए उच्चतर वरीयता दी गई है और वह उस पद के लिए चयनित हो जाता / जाती है, तो ऐसे मामले में यदि वह चिकित्सा / शारीरिक / शैक्षिक मानकों को पूरा करने में असफल रहता / रहती है तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा और अन्य वरीयताओं के लिए उसके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में किसी भी भी पत्राचार पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

(ध) यह पुन: बताया जाता है कि आयोग द्वारा अंतिम परिणाम की घोषणा एक बार ही की जाएगी और यदि पात्र अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता, प्रयोक्ता संगठनों द्वारा दस्तावेज सत्यापन के समय अभ्यर्थिता रद्द करने, अभ्यर्थियों के कार्य ग्रहण न करने या किसी अन्य कारण से खाली रह गए पदों के लिए कोई और नामांकन नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में, मौजूदा नियमों के अनुसार मंत्रालय /विभाग /संगठन इन रिक्तियों को अगले रिक्ति वर्ष के लिए अग्रेषित कर सकते हैं ।

(न) अंतिम परिणाम की घोषणा के उपरांत कोई भी प्रतीक्षा सूची /आरक्षित सूची नहीं होगी ।

18. <u>बराबरी (टाई) के मामलों का निपटारा:</u>

उन मामलों में जहाँ अभ्यर्थी कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बराबर समग्र अंक प्राप्त करते हैं, तो बराबरी (टाई) का निपटारा एक के बाद दूसरे निम्नलिखित तरीकों को अपनाते हुए किया जाएगाः-

क. भाग-। में अंक (अर्थात सामान्य बुद्धिमत्ता व तर्क शक्ति)
ख.भाग-।। में अंक (अर्थात सामान्य जानकारी)
ग. जन्म-तिथि देखकर, अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को ऊपर रखा जाता है ।
घ. वर्णानुक्रम, जिसमें अभ्यर्थियों के नाम हैं।

19. <u>कदाचार के दोषी पाए गए अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाई:</u>

यदि अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर निम्नलिखित सूचीबद्ध कदाचारों में से किसी में भी संलिप्त पाए जाते हैं तो इस परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता

निरस्त कर दी जाएगी और आयोग की परीक्षाओं से उन्हें निम्नलिखित अवधि के लिए वारित कर दिया जाएगा:

क्रम सं.	कदाचार का प्रकार	वारित अवधि
1	परीक्षा भवन से परीक्षा संबंधी सामग्री, जैसे- रफ शीट, प्रवेश पत्र की आयोग की प्रति, उत्तर शीटें लेकर बाहर जाना या परीक्षा के आयोजन के दौरान इन्हें किसी अनधिकृत व्यक्ति को देना।	2 वर्ष
2	परीक्षा के दौरान बिना सूचना के परीक्षा स्थल से बाहर जाना ।	2 वर्ष
3	परीक्षा कार्य में लगे व्यक्तियों अर्थात पर्यवेक्षक, निरीक्षक, सुरक्षा गार्ड अथवा आयोग के किसी प्रतिनिधि आदि के साथ दुर्व्यवहार करना, उन्हें भयभीत करना या डराना-धमकाना।	3 वर्ष
4	परीक्षा के आयोजन में बाधा पहुंचाना / अन्य अभ्यर्थियों को परीक्षा न देने के लिए उकसाना	3 वर्ष
5	गलत अथवा झूठे वक्तव्य देना, महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाना,जाली दस्तावेज प्रस्तुत, करना।	3 वर्ष
6	अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लेना / प्रभाव प्रदर्शित करना ।	3 वर्ष
7	'सविच ऑन' या 'सविच ऑफ' मोड में मोबाइल फोन रखना।	3 वर्ष
8	नियमों का उल्लंघन करके एक ही परीक्षा में एक से अधिक बार बैठना ।	3 वर्ष
9	कोई अभ्यर्थी जो उसी परीक्षा में परीक्षा संबंधी मामलों को देख रहा हो ।	3 वर्ष
10	परीक्षा से संबंधित अवसंरचना / उपकरणों को नुकसान पहुंचाना।	5 वर्ष
11	जाली प्रवेश-पत्र, पहचान-पत्र आदि से परीक्षा देना।	5 वर्ष
12	परीक्षा के दौरान आग्नेयास्त्रों / हथियारों को रखना।	5 वर्ष
13	परीक्षा कार्य में लगे व्यक्तियों अर्थात पर्यवेक्षक, निरीक्षक, सुरक्षा गार्ड अथवा आयोग के किसी प्रतिनिधि आदि पर हमला करना, उन पर बल प्रयोग करना, किसी भी तरीके से उन्हें शारीरिक हानि पहुंचाना।	7 वर्ष
14	आग्नेयास्त्रों / हथियारों से परीक्षा कार्य में लगे व्यक्तियों को	7 वर्ष

	डराना-धमकाना ।	
15	परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, जैसे- कागज या शारीरिक अंगों आदि पर लिखित सामग्री जैसे अनधिकृत स्रोतों से नकल करना।	7 वर्ष
16	परीक्षा कक्ष में ब्लूटूथ उपकरण, स्पाइ कैमरा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अपने पास रखना	7 वर्ष
17	छद्मवेषन / किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप में कार्यसाधन कराना।	7 वर्ष
18	स्नेपशॉट लेना, प्रश्नपत्रों या परीक्षा सामग्री, लैब आदि का वीडियो बनाना ।	7 वर्ष
19	रिमोट डेस्कटॉप सॉफ्टवेयर / एप / लैन / वैन इत्यादि के माध्यम से परीक्षा टर्मिनलों को साझा करना।	7 वर्ष
20	परीक्षा से पहले, उसके दौरान या उसके बाद किसी भी समय परीक्षा सर्वरों, डाटा या परीक्षा-प्रणाली को हैक करने या जोड-तोड़ करने की कोशिश करना।	7 वर्ष

(ख) आयोग, यदि उचित समझे, तो इस मामले को पुलिस / जांच एजेंसियों को भी रिपोर्ट कर सकता है। इसके अतिरिक्त, आयोग संबंधित अधिकारियों / फोरेंसिक विशेषज्ञों, आदि द्वारा मामले की जांच कराने के लिए उचित कार्रवाई भी कर सकता है।

20. <u>आयोग का निर्णय अंतिमः</u>

पात्रता, आवेदनों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने, मिथ्या जानकारी के लिए शास्ति, चयन की पद्धति, परीक्षा (ओं) का आयोजन, परीक्षा केन्द्रों के आबंटन, मेरिट सूची तैयार करने व पद / विभाग का आबंटन करने, कदाचार में संलिप्त होने पर परीक्षा से वंचित किए जाने संबंधी सभी मामलों में आयोग का निर्णय अंतिम होगा तथा अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा एवं इस संबंध में कोई पूछताछ / पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

21. रोजगार के अवसरों में बेरोजगार अभ्यर्थियों की पहुंच बढ़ाने के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 21.06.2016 के का.ज्ञा. 39020/1/2016 –स्था (ख) के तहत जारी निर्देशों के अनुसार यह निर्णय लिया गया है कि अंतिम परिणाम की घोषणा के उपरांत आयोग द्वारा आयोजित उक्त खुली प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों के अंकों तथा रैंकिंग को आयोग की अपनी वेबसाइट पर घटती हुई रैंकिंग क्रम में प्रदर्शित किया जाएगा। तदनुसार

यह निर्णय लिया गया है कि अभ्यर्थियों के निम्नलिखित ब्यौरों को इस वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा: (i) अभ्यर्थी का नाम, (ii) पिता / पति का नाम, (iii) जन्म तिथि, (iv) श्रेणी (अना. / अजा / अजजा / अपिव / आकव / दि. / भूपूसै) , (v) अभ्यर्थी का लिंग, (vi) शैक्षिक योग्यता, (vii) अर्हक परीक्षा में कुल प्राप्तांक, (viii) रैंकिंग, जिसके द्वारा योग्यताका निर्धारण किया गया है, (ix) पूरा पता, (x) ई-मेल । तथापि, अभ्यर्थियों के पास अपना आवेदन पत्र भरते समय उपरोक्त विवरण को सार्वजनिक न करने का विकल्प होगा । तदनुसार केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के अंक तथा रैंक आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे जिन्होंने आयोग की वेबसाइट पर उपरोक्त ब्यौरा प्रकट करने का विकल्प दिया है।

22. <u>न्यायालय का क्षेत्राधिकार</u>

इस भर्ती से संबंधित कोई विवाद उस न्यायालय / न्यायाधिकरण के अधीन होगा जिसके न्याय क्षेत्र में कर्मचारी चयन आयोग का वह संबंधित क्षेत्रीय/उप-क्षेत्रीय कार्यालय स्थित है, जहां अभ्यर्थीने कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी है।

23. <u>अयोग्यता</u>:

कोई भी व्यक्ति, (क) जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का अनुबंध किया हो, जिसका पति या पत्नी जीवित है, या (ख) जिसका पति या पत्नी जीवित हो, उसने किसी व्यक्ति के साथ विवाह किया है या विवाह का अनुबंध किया है, सेवा में नियुक्ति के लिए योग्य नहीं है, बशर्ते कि केंद्र सरकार इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसे व्यक्ति और अन्य व्यक्ति के लिए लागू पर्सनल लॉ के तहत ऐसे विवाह की अनुमति है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार भी हैं, उस व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है।

24. अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश

(क)	**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले परीक्षा की विज्ञप्ति में दिए गए अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें । विज्ञप्ति अंग्रेजी और हिंदी दोनो में छपी है। किसी विवाद के होने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा ।**
(ख)	**अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन अंतिम तारीख से काफी पहले जमा कर दें**

	क्योंकि अंतिम दिनों के दौरान वेबसाइट पर अत्यंत व्यस्तता के कारण कर्मचारी चयन आयोग की वेसाइट की विसंबंधनता / लॉगइन करने में असमर्थता या विफलता की संभावना से बचने के लिए अंतिम तारीख तक प्रतीक्षा न करें।
(ग)	कर्मचारी चयन आयोग लिखित परीक्षा के समय पात्रता एवं अन्य पहलुओं के लिए आवेदनों की विस्तृत संवीक्षा नहीं करेगा, इसलिए अभ्यर्थिता केवल अनंतिम रूप से स्वीकार की जाती है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पूर्व शैक्षिक योग्यता, आयु, शारीरिक व चिकित्सीय मापदण्ड इत्यादि की अपेक्षाओं को देख लें और अपनी संतुष्टि कर लें कि वे पद(दों) के लिए पात्र हैं। मांगकर्ता / प्रयोक्ता विभागों / संगठनों द्वारा दस्तावेज़ सत्यापन के समय शैक्षिक योग्यता, जाति / श्रेणी आदि के समर्थनकारी प्रमाणपत्र / दस्तावेज मांगे जाएंगे । अभ्यर्थी यह भी नोट कर लें जब भी आयोग या मांगकर्ता / प्रयोक्ता विभागों / संगठनों द्वारा शैक्षिक योग्यता / जाति / श्रेणी के प्रमाणपत्र / दस्तावेज मांगे जाते हैं, उन्हें ये जमा करने होंगे । शैक्षिक योग्यता / जाति / श्रेणी के प्रमाणपत्र / दस्तावेज कर संवीक्षा करने के बाद यदि आवेदन में किए गए किसी भी दावे को प्रमाणपत्र / दस्तावेज में सही नहीं पाया जाता है, अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी ।
(घ)	अजा / अजजा / अपिव / आकव / दि. के लिए उपलब्ध आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे इस विज्ञप्ति में निर्धारित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण के हकदार हैं। उनके पास अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रपत्र में अपेक्षित प्रमाणपत्र भी होने चाहिए।
(ङ)	बेंचमार्क दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों को ही दिव्यांगजन (दि.) माना जाएगा और वे दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आयु मे छूट/ आरक्षण के हकदार होंगे ।
(च)	जब आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो जाएगा तो इसे 'अनंतिम' रूप से स्वीकार किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपने रिकार्ड के लिए आवेदन पत्र का प्रिंट आऊट लेना चाहिए। सामान्यतः आयोग को किसी भी स्तर पर 'आवेदन पत्र' का प्रिंट आऊट भेजने की जरूरत नहीं है।
(छ)	अभ्यर्थियों को मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में उल्लेख के अनुसार ही अपना नाम, जन्म तिथि, पिता का नाम और माता का नाम लिखना

	चाहिए अन्यथा दस्तावेज सत्यापन के समय अथवा किसी भी स्तर पर उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी ।
(ज)	धुंधले फोटोग्राफ / हस्ताक्षर वाले आवेदनों को निरस्त कर दिया जाएगा।
(झ)	अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में सही और सक्रिय ई-मेल पता तथा मोबाइल संख्या भरने की सलाह दी जाती है क्योंकि आयोग अभ्यर्थियों से ई-मेल/एस.एम.एस. के माध्यम से पत्राचार कर सकता है।
(ञ)	अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में हाल ही के दो पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो और फोटो लगा एक पहचान साक्ष्य, जैसे- आधार कार्ड / ई-आधार का प्रिंट आउट, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता कार्ड, पेन कार्ड, विश्वविद्यालय / कॉलेज / सरकारी कार्यालय या कोई अन्य कार्यालय जहां अभ्यर्थी कार्य कर रहा हो, द्वारा जारी पहचान पत्र, रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई भूपूसै की सेवामुक्ति पंजिका या केंद्र / राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया फोटोयुक्त पहचानपत्र मूलरूप में अपने साथ लाना चाहिए, जिसके बिना उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी **।यदि फोटो पहचान पत्र में जन्म तिथि नहीं है तो अभ्यर्थी को जन्मतिथि के साक्ष्य के रूप में इस विज्ञप्ति में उपर्युक्त दिए अनुसार एक अतिरिक्त प्रमाणपत्र लाना होगा** । बेंचमार्क दिव्यांग/ दिव्यांग अभ्यर्थी जो प्रलिपिक की सुविधा का उपयोग करेंगे, उन्हें अपेक्षित चिकित्सा प्रमाणपत्र/वचनपत्र /प्रलिपिक के फोटो पहचानपत्र की फोटो कॉपी लाना होगा ।
(ट)	किसी प्रतिष्ठित नाम / फोटो के दुरूपयोग से नकली/जाली आवेदन / पंजीकरण करने के मामले में अभ्यर्थी / साइबर कैफे को उत्तरदायी समझा जाएगा तथा उनके खिलाफ साइबर / आईटी अधिनियम के अंतर्गत उपयुक्त विधिक कार्रवाई की जाएगी ।
(ठ)	सभी पद अखिल भारतीय सेवा दायित्व (अ.भा.से.दा.) वाले हैं अर्थात चयनित होने पर अभ्यर्थी को देश के किसी भी स्थान पर सेवा करने के लिए कहा जा सकता है।
(ड)	यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के किसी टियर/स्तर में कट-ऑफ अंकों से अधिक अंक प्राप्त करता है और किसी कारण से तदनंतर स्तर / अंतिम चयन में अर्हता प्राप्त नहीं करता है, तो उसे परिणाम घोषित होने के दो महीने के भीतर या परीक्षा के अगले चरण से दो

	सप्ताह पहले जो भी पहले हो, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों / उप क्षेत्रीय कार्यालयों में अभ्यावेदन जमा करना चाहिए ।
(ढ)	यदि किसी अभ्यर्थी का अंतिम रूप से चयन हो जाता है और परिणाम घोषित होने की तारीख से एक वर्ष के भीतर उसे आयोग अथवा संबंधित प्रयोक्ता विभाग / संगठन से कोई पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो उसे तत्काल संबंधित प्रयोक्ता विभाग / संगठन से संपर्क करना चाहिए ।
(ण)	देय शुल्कः 100/- रु. (एक सौ रुपए मात्र)। महिला अभ्यर्थियों और अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा) , दिव्यांग (दि.) और भूतपूर्व सैनिक से संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट प्राप्त है ।
(त)	आयोग सक्षम प्राधिकारी की विधिवत अनुमति प्राप्त करने के अध्यधीन सत्यापन के प्रयोजनार्थ अभ्यर्थी के आधार डाटा का प्रयोग कर सकता है।
(थ)	ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए सामान्य अवधि के दौरान परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा केवल एक ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अनुमति दी गई है, जिसमें "आवेदनपत्र में संशोधन करने के लिए विंडो" की अवधि शामिल नहीं है। इसलिए, अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदनपत्र भरने के समय उचित सावधानी बरतनी चाहिए । यदि किसी अभ्यर्थी के विभिन्न पंजीकरण संख्या वाले एक से अधिक आवेदन पाए जाते हैं, तो आयोग द्वारा सभी आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा और परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक आवेदन जमा करता है और परीक्षा में (किसी भी स्तर पर) एक से अधिक बार उपस्थित होता है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और उसे नियमानुसार आयोग की परीक्षाओं से वारित कर दिया जाएगा।
(द)	ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद, आयोग अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन मानकों को सही / संशोधित करने के लिए दो दिन की अवधि प्रदान करेगा, जिसमें अभ्यर्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार एकबारगी पंजीकरण / ऑनलाइन आवेदन डेटा में अपेक्षित सुधार / संशोधन करने के बाद आवेदन फिर से जमा करने की अनुमति दी जाएगी। परीक्षा की विज्ञप्ति के पैरा-9 में दिए गए विवरण के अनुसार निर्धारित सुधार राशि के

	ऑनलाइन भुगतान द्वारा इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। नवीनतम संशोधित आवेदन को वैध माना जाएगा और ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा हेतु जमा किए गए पिछले आवेदन (आवेदनों) को रद्द कर दिया जाएगा ।
(ध)	संशोधित / अंतिम, यथासंदर्भित ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले, अभ्यर्थियों को यह जांच लेना चाहिए कि उन्होंने आवेदन पत्र के प्रत्येक क्षेत्र में सही विवरण भरा है। संशोधित / अंतिम ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात या 'आवेदनपत्र सुधार के लिए विंडो' की अवधि समाप्त होने के बाद, किसी भी परिस्थिति में कोई परिवर्तन / सुधार / संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में डाक, फैक्स, ईमेल, दस्ती आदि किसी भी रूप में प्राप्त अनुरोधों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा।
(न)	ऑनलाईन आवेदनपत्र में, अभ्यर्थियों को जेपीईजी/जेपीजी प्रारूप में स्कैन किए हुए रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटो (20 केबी से 50 केबी) अपलोड करनी होगी। फ़ोटोग्राफ परीक्षा-विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से तीन महीने से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए । फोटो की छवि का आयामलगभग 3.5 सेमी (चौडाई) और 4.5 सेमी (ऊंचाई) होना चाहिए । **फोटोग्राफ बिना टोपी और चश्मे के होना चाहिए ।** यदि अभ्यर्थी द्वारा उचित फोटो अपलोड नहीं की जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी । **फोटो के स्वीकार्य / अस्वीकार्य नमूने अनुबंध- XV पर दिए गए हैं ।**
(प)	आवेदन पत्र के अंत में दी गई घोषणा पर विशेष ध्यान आमंत्रित किया जाता है। घोषणा पर सहमत होने / हस्ताक्षर करने से पहले अभ्यर्थियों को आवेदनपत्र में भरे गए विवरण और घोषणापत्र की विषयवस्तु को ध्यान से पढ़ लेना चाहिए और स्वयं को संतुष्ट कर लेना चाहिए कि दी गई जानकारी सही है और इसके बाद ही इस पर सहमत होना / हस्ताक्षर करना चाहिए। तथ्यों को छिपाने / गलत रूप से प्रस्तुत करने / गलत घोषणा करने के परिणामस्वरूप अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी ।
(फ)	अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे परीक्षा की तारीख, रिक्तियों की स्थिति आदि से संबंधित सूचना के बारे में अद्यतन जानकारी हेतु नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट अर्थात https://ssc.nic.in और साथ ही क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइट का नियमित रूप से

	अवलोकन करते रहें ।

अवर सचिव
कर्मचारी चयन आयोग (मुख्यालय)

अनुबंध-I

परीक्षार्थी की लिखने संबधी शारीरिक सीमाओं के संबंध में प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने श्री/सुश्री/श्रीमती .....(दिव्यांग अभ्यर्थी का नाम), सुपुत्र/सुपुत्री ....., ग्राम/जिला/राज्य ..... के निवासी हैं, जोकि .....(दिव्यांगता प्रमाणपत्र में यथा-उल्लिखित दिव्यांगता का स्वरूप और उसकी प्रतिशतता) से पीड़ित हैं, की जांच की है और उल्लेख करता हूं कि दिव्यांगता के कारण उनकी शारीरिक सीमाएं हैं जिनसे उनकी लेखन क्षमताएं प्रभावित होती हैं।

हस्ताक्षर
सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक
नाम व पदनाम
सरकारी अस्पताल/स्वास्थ्य संस्थान का नाम एवं मुहर

स्थान:
तारीख:

टिप्पणी:
संबंधित विषय/दिव्यांगता (अर्थात दृष्टि दिव्यांगता- नेत्र विशेषज्ञ, गति विषयक दिव्यांगता- असथि रोग विशेषज्ञ/पीएमआर) के विशेषज्ञ द्वारा ही प्रमाण-पत्र दिया जाना चाहिए।

<u>अनुबंध-।क</u>

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) की परिभाषा के तहत आने वाली विनिर्दिष्ट दिव्यांगता से संबंधित व्यक्ति, परन्तु जो उक्त अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं, अर्थात 40% से कम दिव्यांगता और जिसे लिखने में कठिनाई हो, के लिए प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि, हमने श्री / सुश्री / श्रीमती .....(अभ्यर्थी का नाम), सुपुत्र / सुपुत्री ....., निवासी .....(ग्राम / डाकघर / थाना / जिला / राज्य), आयु ..... वर्ष, ... (दिव्यांगता / स्थिति की प्रकृति) से पीड़ित व्यक्ति की जांच की है, और उल्लेख करते हैं कि उनकी उपर्युक्त स्थिति के कारण उनकी लेखन संबंधी सीमाएं हैं जिससे उनकी लेखन क्षमता बाधित होती है। उन्हें परीक्षा लिखने के लिए प्रलिपिक की सहायता की आवश्यकता है ।

2. उपर्युक्त अभ्यर्थी प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स, हियरिंग एड (नाम निर्दिष्ट करें) जैसी सहायिकाओं और सहायक उपकरणों का उपयोग करता है, जो प्रलिपिक की सहायता से परीक्षा में बैठने हेतु अभ्यर्थी के लिए आवश्यक है।

3. यह प्रमाणपत्र केवल भर्ती एजेंसियों, और साथ ही शैक्षणिक संस्थानों द्वारा आयोजित लिखित परीक्षाओं में बैठने के उद्देश्य से जारी किया जाता है और _____ (यह अधिकतम छह महीने या उससे कम की अवधि के लिए वैध है जैसा कि चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जा सकता है) तक वैध है।

(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)

ऑर्थोपेडिक / पीएमआर विशेषज्ञ	नैदानिक मनोवैज्ञानिक / पुनर्वास मनोवैज्ञानिक / मनोचिकित्सक / विशेष शिक्षक	न्यूरोलॉजिस्ट (यदि उपलब्ध है)	व्यावसायिक चिकित्सक (यदि उपलब्ध है)	अध्यक्ष द्वारा मनोनीत अन्य विशेषज्ञ (यदि कोई है)
(हस्ताक्षर और नाम)				
मुख्य चिकित्सा अधिकारी / सिविल सर्जन / मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी ..... अध्यक्ष				

चिकित्सा प्राधिकारी के हस्ताक्षर

मोहर के साथ सरकारी अस्पताल / स्वास्थ्य देखभाल केंद्र का नाम

स्थान:
तारीख:

अनुबंध-II

स्वयं के प्रलिपिक का उपयोग करने हेतु वचन-पत्र

मैं ..... (दिव्यांगता का स्वरूप) ..... दिव्यांगता से पीड़ित अभ्यर्थी हूं (परीक्षा का नाम) .....में बैठ रहा हूं, जिसका..... (जिले का नाम) ..... (राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का नाम) ..... में स्थित .....(केंद्र का नाम) में अनुक्रमांक ..... है। मेरी शैक्षिक योग्यता ..... है।

मै सूचित करता/करती हूं कि ..... (प्रलिपिक का नाम) अधोहस्ताक्षरी को पूर्वोक्त परीक्षा में प्रलिपिक/रीडर/प्रयोगशाला सहायक की सेवा प्रदान करेंगे/करेंगी।

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उनकी शैक्षिक योग्यता ..... है। यदि बाद में यह पता चलता है कि उनकी शैक्षिक योग्यता मेरे द्वारा घोषित योग्यता के अनुसार नहीं है और मेरी शैक्षिक योग्यता से अधिक है, तो मुझे इस पद और इससे संबंधित दावे का अधिकार नहीं होगा।

(दिव्यांग अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

स्थान:

तारीख:

<u>अनुबंध-II क</u>

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) की परिभाषा के तहत आने वाली विनिर्दिष्ट दिव्यांगता से संबंधित व्यक्ति, परन्तु जो उक्त

अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं, अर्थात 40% से कम दिव्यांगता और जिसे लिखने में कठिनाई हो, द्वारा वचनपत्र

मैं _____ , _____ (दिव्यांगता / स्थिति की प्रकृति) से पीड़ित अभ्यर्थी, _____जिला, ... (राज्य का नाम) में स्थित .....(केंद्र का नाम), से _____ (परीक्षा का नाम) में बैठ रहा हूं, जिसका रोल नंबर _____ है। मेरी शैक्षिक योग्यता ..... है ।

2. मैं एतद्द्वारा व्यक्त करता हूं कि _____ (प्रलिपिक का नाम) उपरोक्त परीक्षा देने के लिए अधोहस्ताक्षरी के लिए प्रलिपिक की सेवा प्रदान करेगा।

3. मैं एतद्द्वारा वचन देता हूं कि उसकी शैक्षिक योग्यता _____ है। यदि बाद में यह पाया जाता है कि उसकी शैक्षिक योग्यता मेरे द्वारा घोषित योग्यता के अनुसार नहीं है और उसकी योग्यता मेरी योग्यता से अधिक है, तो मैं पद या प्रमाणपत्र / डिप्लोमा / डिग्री और उससे संबंधित दावों पर मेरा अधिकार नहीं होगा ।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)
(यदि अभ्यर्थी अवयस्क है तो माता-पिता/अभिभावक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर)

स्थान:
तारीख:

अनुबंध-III

(ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया)

परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया के दो भाग हैं:

I.एक बारगी पंजीकरण

II.परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरना

भाग -I (एक बारगी पंजीकरण)

1. कृपया ऑनलाइन 'पंजीकरण-प्रपत्र' और 'आवेदन-पत्र' भरने से पहले परीक्षा की विज्ञप्ति में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

2. एकबारगी पंजीकरण भरने से पहले निम्नलिखित सूचनाएं/दस्तावेज़ तैयार रखें:

क. मोबाइल नंबर (ओटीपी के माध्यम से सत्यापित किया जाना है)।

ख.ईमेल आईडी (ओटीपी के माध्यम से सत्यापित किया जाना है)।

ग. आधार संख्या । यदि आधार संख्या उपलब्ध नहीं है, तो कृपया निम्नलिखित आईडी नंबरों में से एक दें। (आपको बाद में मूल दस्तावेज़ को दिखाना होगा ।)

i.वोटर आईडी कार्ड

ii.पैन

iii.पासपोर्ट

iv.ड्राइविंग लाइसेंस

v.स्कूल / कॉलेज आई डी

vi.नियोक्ता आईडी (सरकारी/पीएसयू/प्राइवेट)

घ. बोर्ड, रोल नंबर और मैट्रिक (10वीं) की परीक्षा पास करने के वर्षके बारे में जानकारी।

ङ. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संख्या, यदि आप किसी बेंचमार्क दिव्यांगता से पीड़ित हैं।

3. एक बारगी पंजीकरण के लिए, http://ssc.nic.in पर 'Log in' सेक्शन में दिए गए लिंक 'Register Now' पर क्लिक करें।

4.एक बारगी पंजीकरण प्रक्रिया में निम्नलिखित सूचनाएं भरनी होंगी:

क. प्रारंभिक विवरण

ख. अतिरिक्त जानकारियां तथा संपर्क विवरण

ग. घोषणापत्र ।

5. 'एक बारगी पंजीकरण प्रपत्र' भरने के लिए कृपया निम्नलिखित चरणों का अनुसरण करें:

क. सत्यापन के उद्देश्य से और किसी गलती से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण विवरणों (अर्थात आधार संख्या, नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि इत्यादि) की प्रविष्टि पंजीकरण प्रपत्र के संगत कॉलमों में दो बार की जानी अपेक्षित है। यदि मूल डाटा और सत्यापन डाटा कॉलम मेल नहीं खाते हैं तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और इसका संकेत लाल रंग के पाठ में दिया जाएगा।

ख. क्रम संख्या- 1: आधार संख्या / पहचान पत्र और इसकी संख्या के बारे मे जानकारी प्रदान करें। इन नंबरों में से कोई एक नंबर दिया जाना अपेक्षित है।

ग. क्रम संख्या-2: अपना नाम **ठीक वैसा ही** भरें जैसाकि मैट्रिक परीक्षा (10वीं कक्षा) के प्रमाण-पत्र में दिया गया है। यदि मैट्रिकुलेशन के पश्चात आपने अपने नाम में कोई बदलाव किया है, तो कृपया इसका उल्लेख 2ग और 2 घ में करें।

घ. क्रम संख्या-3: अपने पिता का नाम **ठीक वैसा ही** भरें जैसाकि मैट्रिक परीक्षा (10वीं कक्षा) के प्रमाण-पत्र में दिया गया है।

ङ. क्रम संख्या-4: अपनी माता का नाम **ठीक वैसा ही** भरें जैसाकि मैट्रिक परीक्षा (10वीं कक्षा) के प्रमाण-पत्र में दिया गया है।

च. क्रम संख्या-5: अपनी जन्मतिथि **ठीक वैसी ही** भरें जैसीकि मैट्रिक परीक्षा (10वीं कक्षा) के प्रमाण-पत्र में दी गई है।

छ. क्रम संख्या-6: मैट्रिक परीक्षा (10वीं कक्षा) के विवरण में निम्नलिखित शामिल है:

i. शिक्षा बोर्ड का नाम
ii. रोल नंबर
iii. उत्तीर्ण होने का वर्ष

ज. क्रम संख्या -7: लिंग (पुरुष/महिला/ट्रान्सजेंडर)

झ. क्रम संख्या- 8: शैक्षणिक योग्यता का स्तर (उच्चतम)

ञ. क्रम संख्या- 9: आपका मोबाइल नंबर। यह एक सक्रिय मोबाइल नंबर होना चाहिए क्योंकि इसे 'वन टाइम पासवर्ड' (ओटीपी) के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। इस बात पर ध्यान दिया जाए कि कोई भी जानकारी जो दिल्ली पुलिस/ कर्मचारी चयन आयोग संप्रेषित करना चाहता है, केवल इस मोबाइल नंबर पर ही भेजी जाएगी। यदि आवश्यक होगा तो पासवर्ड की पुनर्प्राप्ति के लिए भी आपका मोबाइल नंबर उपयोग किया जाएगा।

ट. क्रम संख्या-10: आपका ईमेल आईडी। यह एक सक्रिय ईमेल आईडी होना चाहिए क्योंकि इसे ओटीपी के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। यह भी ध्यान दिया जाए कि दिल्ली पुलिस/ कर्मचारी चयन आयोग जो भी जानकारी आपको देना चाहेगा, केवल इसी ईमेल आईडी पर भेजी जाएगी। यदि आवश्यक होगा तो पासवर्ड की पुनर्प्राप्ति के लिए भी आपकी ईमेल आईडी का उपयोग किया जाएगा।

ठ. अपने स्थायी पते का राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र का विवरण प्रदान करें।

ड. जब क्रम संख्या 1 से 10 में प्रदान किए गए मूल विवरण को सहेजा जाता है, तो आपको अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी की पुष्टि करने की आवश्यकता होगी। पुष्टि होने पर, आपका पंजीकरण आईडी और पासवर्ड आपके मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी पर भेज दिया जाएगा।

ढ. आपको 14 दिनों के भीतर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी जिसमें विफल होने पर आपके अब तक के सहेजे गए पंजीकरण विवरण हटा दिए जाएंगे।

ण. अपनी पंजीकृत ईमेल आईडी को यूजर नाम और आपके मोबाइल तथा ईमेल पर आपको प्रदान किए गए ऑटो जेनरेटेड पासवर्ड का उपयोग करके लॉगइन करें। पहले लॉगिन पर संकेत मिलने पर अपना पासवर्ड बदलें।

त. पासवर्ड में सफलतापूर्वक परिवर्तन करने के बाद, बदले गए पासवर्ड का उपयोग करके आपको फिर से लॉगिन करना होगा।

थ. सफलतापूर्वक लॉगइन करने पर, अब तक भरी गई "मूल जानकारी" प्रदर्शित होगी । यदि अपेक्षित हो तो आप इसमें परिवर्तन कर सकते हैं अथवा अपना एकबारगी पंजीकरण पूरा करने के लिए "Next" बटन पर क्लिक कर सकते हैं ।

द. क्रम संख्या-11: अपनी श्रेणी के बारे में जानकारी प्रदान करें।

ध. क्रम संख्या-12: अपनी राष्ट्रीयता के बारे में जानकारी प्रदान करें

न. क्रम संख्या -13: दृश्यमान पहचान चिह्न के बारे में जानकारी प्रदान करें। आपको परीक्षा के विभिन्न चरणों में उपरोक्त पहचान चिह्न दिखाना पड़ सकता है।

प. क्रम संख्या-14: यदि कोई बेंचमार्क दिव्यांगता हो तो उसकी सूचना दें । यदि आप किसी विशिष्ट बेंचमार्क दिव्यांगता से पीड़ित हैं, जोकि सरकारी नौकरियों के लिए उपयुक्त हो, तो दिव्यांगता प्रमाणपत्र संख्या प्रदान करें ।

फ. क्रम संख्या-15 से 18: अपने स्थायी और वर्तमान पते के बारे में जानकारी प्रदान करें। डेटा को सहेजें और पंजीकरण प्रक्रिया के अंतिम भाग को भरने के लिए आगे बढ़ें।

ब. प्रदान की गई जानकारी को सहेजें । ड्राफ्ट प्रिंट-आउट लें और “Final Submit” से पहले, प्रदान की गई जानकारी की अच्छी तरह से समीक्षा करें।

भ . "घोषणा" को सावधानीपूर्वक पढ़ें और यदि आप सहमत हैं तो "I Agree" पर क्लिक करें ।

म . 'Final Submit' क्लिक करने पर आपके मोबाइल नंबर और ई-मेल आई डी पर विभिन्न ओटीपी भेजे जाएंगे। पंजीकरण प्रक्रिया पूरा करने के लिए आपको इन दोनो में से किसी एक ओटीपी को डालना होगा।

य. प्रारंभिक सूचनाएं प्रस्तुत करने के पश्चात यदि पंजीकरण प्रक्रिया 14 दिनों के भीतर पूरी नहीं की जाती है, तो आपका डाटा सिस्टम से हटा दिया जाएगा।

6. पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात 'प्रारंभिक विवरण' को बदला जा सकता है । तथापि, अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे एकबारगी पंजीकरण करने के दौरान अत्यंत सावधानी बरतें ।

7. आपको पुन: सावधान किया जाता है कि नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, मैट्रिक परीक्षा का विवरण ठीक वैसा ही भरें जैसा कि आपके मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र में दर्ज है। गलत/त्रुटिपूर्ण सूचनाएं देने पर आपकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।

अनुबंध -III क (1/4)

एक बारगी पंजीकरण प्रपत्र का स्क्रीनशॉट

BASIC DETAILS

NOTE: Candidates must be cautious while filling up Registration details. Your candidature may get cancelled in case incorrect/ wrong information is furnished.

1. Do you have Aadhaar ? *	○ Yes ◉ No
1a. Aadhaar Number	Aadhaar Number should be same as mentioned in Aadhaar Card
1b. Verify Aadhaar Number	
1c. Type of ID *	Driving License Type of ID and ID Number to be provided if you don't want to give Aadhaar number
1d. ID Number *	BRHPK3731M
2a. Name *	SAMPLE NAME 1. Name should be same as mentioned in Matriculation Certificate 2. Please enter name without any salutation (i e Shri/ Smt/ Mr/ Mrs/ Ms/ Dr/ Prof)
2b. Verify Name *	SAMPLE NAME
2c. Have you ever changed Name?	○ Yes ◉ No
2d. New Name / Changed Name	

अनुबंध - III क (2/4)

3a. Father's Name *	SAMPLE FATHER NAME 1. Father's Name should be same as mentioned in Matriculation Certificate 2. Please enter name without any salutation (i e Mr/ Shri/ Late/ Dr/ Prof etc
3b. Verify Father's Name *	SAMPLE FATHER NAME
4a. Mother's Name *	SAMPLE MOTHER NAME 1. Mother's Name should be same as mentioned in Matriculation Certificate 2. Please enter name without any salutation (i e Mrs/ Ms/ Smt/ Late/ Dr/ Prof etc
4b. Verify Mother's Name *	SAMPLE MOTHER NAME
5a. Date of Birth (DD/MM/YYYY) *	02/01/1999 Date of Birth should be same as mentioned in Matriculation Certificate
5b. Verify Date of Birth (DD/MM/YYYY) *	02/01/1999
6. Matriculation (10th Class) Examination details :	
(i). Education Board *	Central Board of Secondary Education (CBSE) Education Board of Matriculation Examination
(ii). Verify Education Board *	Central Board of Secondary Education (CBSE)
(iii). Roll Number *	301739 1. Roll Number should be same as mentioned in Matriculation Certificate 2. Only / and - are allowed , Please enter Roll number without any other special character(s) 3. If Roll Code is given in your Matriculation Certificate then enter "Roll Code - Roll No."
(iv). Verify Roll Number *	301739
(v). Year of Passing *	2013
(vi). Verify Year of Passing *	2013
7a. Gender *	(●) Male ( ) Female ( ) Transgender
7b. Verify Gender *	(●) Male ( ) Female ( ) Transgender
8. Level of Educational Qualification *	Graduation
9a. Mobile Number *	8111111111
9b. Verify Mobile Number *	8111111111
10a. Email ID*	sample123@gmail.com
10b. Verify Email ID*	sample123@gmail.com
• State / UT of Permanent Address *	Delhi

Save Reset Close

अनुबंध -III क (3/4)

ADDITIONAL AND CONTACT DETAILS

Edit

11a. Category *	(●) General ( ) EWS ( ) OBC ( ) ST ( ) SC
11b. Verify Category *	(●) General ( ) EWS ( ) OBC ( ) ST ( ) SC
12. Nationality *	Citizen of India
13. Identification Marks*	MOLE ON RIGHT CHEEK
14a. Are you a Person with Benchmark Disability? *	( ) Yes (●) No
14b. Type of Disability	--Select--

NOTE
VH: Blindness and low vision.
HH: Deaf and hard of hearing.
OH: Locomotor disability including cerebral palsy, leprosy cured, dwarfism, acid attack victims and muscular dystrophy.
Others: Autism, intellectual disability, specific learning disability and mental illness, multiple disabilities from amongst persons under the above mentioned clauses including deaf-blindness.

14c. Disability Certificate Number	
15a. Permanent Address *	SAMPLE PERMANENT ADDRESS
15b. State/ UT *	Punjab

अनुबंध - III क (4/4)

15b. State/ UT *	Punjab
15c. District *	Patiala
15d. PIN Code *	140401
16. Is Present Address same as Permanent Address?	(•) Yes ( ) No
17a. Present Address *	SAMPLE PERMANENT ADDRESS
17b. State/ UT *	Punjab
17c. District *	Patiala
17d. PIN Code *	140401
18. Contact details for other nationals	

Previous | Save | Next | Reset | Close

DECLARATION

Declaration : I hereby declare that the information given by me in this form is true, complete and correct to the best of my knowledge and belief. I understand that in the event of any information being found false or incorrect at any stage,my candidature/appointment is liable to be cancelled/terminated.

☑ I Agree.

Previous | Take Draft Print | Final Submit | Close

अनुबंध-IV

भाग-II (ऑनलाइन आवेदन-पत्र)

1. ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू करने से पूर्व निम्नलिखित डाटा तैयार रखें:

   (क) हाल का (अर्थात परीक्षा की विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से तीन महीने से अधिक पुराना नहीं) जेपीईजी/जेपीजी प्रारूप (20 केबी से 50 केबी) में स्कैन किया गया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ। फोटोग्राफ की छवि का आयाम लगभग 3.5 सेमी (चौड़ाई) x 4.5 सेमी (ऊंचाई) होना चाहिए । शांतनु कुमार एवं अन्य के मामले [2018 की रिट याचिका (सि) सं. 234] में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 05.03.2020 के आदेश के अनुसरण में **फोटोग्राफ परीक्षा विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से तीन महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए । फोटोग्राफ बिना टोपी और बिना चश्मे का होना चाहिए। चेहरे का अग्र भाग स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। धुंधली फोटो वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा । यदि अभ्यर्थी द्वारा उचित फोटो अपलोड नहीं की जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी । स्वीकृत / अस्वीकृत फोटोग्राफ के नमूने अनुबंध-XV में दिए गए हैं ।**

   (ख) जेपीईजी फार्मेट में स्कैन किए गए हस्ताक्षर (10 से 20 केबी)। हस्ताक्षर छवि का आयाम लगभग 4.0 सेमी (चौड़ाई) X 2.0 सेमी (ऊंचाई) होना चाहिए। **अपठनीय हस्ताक्षर वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा।**

   (ग) अर्हक शैक्षिक योग्यता का ब्योरा जैसे उत्तीर्ण करने का वर्ष, अनुक्रमांक सं., प्रतिशत/ सीजीपीए, विश्वविद्यालय का नाम इत्यादि।

2. अपने **'पंजीकरण संख्या'** और पासवर्ड के माध्यम से ऑनलाइन सिस्टम में लॉगइन करें।

3. 'नवीनतम अधिसूचना' टैब के अंतर्गत 'आशुलिपिक ग्रेड 'ग' एवं 'घ' परीक्षा, 2023' लिंक पर क्लिक करें ।

4. क्रम सं. -1 से 14 कॉलम में जानकारी स्वचालित रूप से आपके एकबारगी पंजीकरण डाटा से भर जाएगी जिसका संपादन नहीं किया जा सकता है। तथापि, यदि आप एकबारगी पंजीकरण के किसी विवरण में संशोधन करना चाहतें हैं तो ऊपर बाएं कोने मे दिए गए कोने में 'पंजीकरण संशोधन' टैब पर क्लिक करें और आगे बढ़ने से पहले उपयुक्त संशोधन करें ।

5. क्रम सं. -15: चयन करें कि आप आशुलिपि जानते हैं अथवा नहीं । यदि आपको आशुलिपि का ज्ञान होगा तभी आपको आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी ।

6. क्रम सं. -16: परीक्षा केंद्रों के लिए अपनी प्राथमिकता दें। आप एक ही क्षेत्र में परीक्षा केंद्र चुन सकते हैं । वरीयता क्रम में तीनों केंद्रों के लिए विकल्प दें । वरीयता के क्रम में सभी तीन केंद्रों के लिए विकल्प दिया जाना चाहिए।

7. क्रम सं. 17.1 से 17.6 : यदि आप भूतपूर्व सैनिक है, तो आवश्यक जानकारी भरें । **सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों के पारिवारिक सदस्यों को भूतपूर्व सैनिक नहीं माना जाता है।**

8. क्रम सं.-18.1 से 18.7 : यदि आप परीक्षा की विज्ञपति के **पैरा सं. 6** के अनुसार प्रलिपिक की सुविधा उपलब्ध करने के लिए पात्र हैं, तो प्रलिपिक की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्रदान करें।

9. क्रम सं.-19: कौशल परीक्षा के माध्यम का चयन करें, अंग्रेजी या हिंदी । बाद में कौशल परीक्षा के माध्यम के विकल्प को बदला नहीं जाएगा ।

10. क्रम सं. -20:आप जिस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उसका चयन करें, जैसे- (i) 'आशुलिपिक ग्रेड 'ग' या (ii) 'आशुलिपिक ग्रेड 'घ' या (iii) दोनों । जिस पद के लिए आप आवेदन कर रहें हैं, बाद में उसमें किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

11. क्रम सं. 21.1 से 21.2 : यदि आप आयु में छूट चाहते हैं तो उपयुक्त आयु छूट श्रेणी का चयन करें।

12. क्रम सं.-22: उच्चतम शैक्षणिक योग्यता के बारे में जानकारी दें।

13. क्रम सं.-23: अर्हक शैक्षणिक योग्यताओं का विवरण दें ।

14. क्रम सं.-24: परीक्षा की विज्ञप्ति का **पैरा सं.: 21** देखें और तदनुसार भरें।

15. क्रम सं. -25, 26 और 27 : वर्तमान और स्थायी पता से संबंधित जानकारी एकबारगी पंजीकरण डाटा से स्वत :भर जाएगी।

16. अपना हाल ही का फोटोग्राफ अपलोड करें (परीक्षा-विज्ञप्ति के प्रकाशन की तारीख से अधिकतम तीन महीने पुराना न हो) जैसा कि क्रम सं. -1(क) में निर्दिष्ट है। धुंधली फोटो वाले आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे **।** स्वीकृत/ अस्वीकृत फोटोग्राफ के नमूने **<u>अनुबंध –XV</u>** में दिए गए हैं । अभ्यर्थी उसका संदर्भ ले सकते हैं ।

17. उपर्युक्त **क्रम सं. 1 (ख)** के निर्देशानुसार अपना हस्ताक्षर अपलोड करें । धुंधले हस्ताक्षर वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा ।

18. क्रम सं. 28 : अपलोड किया गया फोटो परीक्षा विज्ञप्ति के प्रकाशन की तारीख से तीन महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए । यदि अपलोड किया गया फोटो परीक्षा विज्ञप्ति के प्रकाशन की तारीख से तीन महीने से अधिक पुराना नहीं है तो 'yes' क्लिक करें ।

19. घोषणा को ध्यानपूर्वक पढ़ें और यदि स्वीकार है तो "I agree" चेक बॉक्स पर क्लिक करें। कैप्चा कोड भरें।

20. यदि आपको शुल्क के भुगतान से छूट नहीं दी गयी है तो शुल्क भुगतान करने के लिए आगे बढ़ें। अपने द्वारा दी गई जानकारी का अवलोकन करें और उसका सत्यापन करें । **यदि आप किसी प्रविष्टि में संशोधन करना चाहते हैं तो 'Edit/Modify' बटन पर क्लिक करें और आगे बढ़ने से पहले अपेक्षित संशोधन करें** । जब आप इस बात से संतुष्ट हो जाएं कि जानकारी सही तरीके से भरी गई है, तो जानकारी का पूर्वावलोकन और सत्यापित करें और आवेदन जमा करें ।

21. यदि आपको शुल्क के भुगतान से छूट नहीं दी गयी है तो शुल्क भुगतान करने के लिए आगे बढ़ें।

22. **शुल्क का भुगतान भीम यूपीआई, नेट बैंकिंग अथवा वीसा, मास्टरकार्ड, मैस्ट्रो, या रूपे, क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड का उपयोग करके ऑनलाइन मोड द्वारा जमा किया जा सकता है।**

23. जब आवेदन सफलतापूर्वक जमा कर दिया जाएगा, तो इसे **'अनंतिम रूप से'** स्वीकार किया जाएगा। अभ्यर्थी को अपने स्वयं के रिकॉर्ड के लिए आवेदन पत्र का प्रिंट-आउट लेना चाहिए। सामान्यत: किसी भी स्तर पर कर्मचारी चयन आयोग को 'आवेदन पत्र' का प्रिंट-आउट जमा करने की आवश्यकता नहीं होती है, तथापि ऑनलाइन आवेदन से संबंधित शिकायत का समाधान हेतु आपको इसका प्रिंटआउट देना पड़ सकता है ।

अनुबंध-IV क (1/5)

Stenographer Grade 'C' & 'D' Examination, 2023

Instructions

PLEASE BE VERY CAREFUL WHILE FILLING THE APPLICATION FORM

1. Candidate's Name: (As per the Matriculation Certificate)	SAMPLE NAME
2. New / Changed Name:	
3. Father's Name:	SAMPLE FATHER NAME
4. Mother's Name:	SAMPLE MOTHER NAME
5. Date of Birth (DD/MM/YYYY) (As per the Matriculation Certificate):	02/08/1996
6. Age as on 01/08/2023:	26.11
7. Gender:	Male
8. Category:	UR
9. Whether Person with Disability (PwBD)? :	No
9.1. If Yes, Type of Disability:	
10. Nationality:	Citizen of India
11. Mark of Visible Identification:	BLACK SPOT BELOW LEFT EYEBROW
12. Matriculation (10^{th} Class) Examination Board:	Central Board of Secondary Education (CBSE)
13. Matriculation (10^{th} Class) Roll No.:	6132453
14. Matriculation (10^{th} Class) Year of Passing:	2007

अनुबंध-IV क (2/5)

15. Do you possess knowledge of Stenography?: *	(●) Yes ( ) No
16. Preference of Examination Centres:*	NR-Delhi(2201) / NR-Roorkee(2006) / NR-Ajmer(2401)
